दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

# नवयत्न

खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 17 | अंक 54 | सीकर, मंगलवार 21 अप्रैल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


# पचपदरा रिफाइनरी में लगी भीषण आग

## पीएम मोदी का दौरा स्थगित, सीएम ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश



बालोतरा।

राजस्थान की पचपदरा स्थित रिफाइनरी प्लांट में सोमवार को भीषण आग लग गई। आग लगने से हड़कंप मच गया। वहीं आग की घटना के बाद पीएम नरेंद्र मोदी का मंगलवार को होने वाला दौरा स्थगित हो गया। जानकारी के अनुसार दोपहर दो बजे रिफाइनरी के सीडीयू-वीडीयू साइड पर एक्सचेंजर फटने से आग लग गई। विस्फोट के बाद आग तेजी से फैल गई, जिससे मौके पर मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया। घटना ऐसे समय हुई जब एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही थी।

### रिफाइनरी में भीषण आग

घटना के तुरंत बाद रिफाइनरी परिसर में आपात स्थिति जैसी हालात बन गए और एचआरआरएल प्रबंधन व प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। सुरक्षा कारणों से पूरे क्षेत्र को खाली करा लिया गया था। कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### राहत एवं बचाव कार्य

आग की सूचना मिलते ही प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं। बड़ी संख्या में दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुट गईं। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर पहले से तैनात दमकल वाहन भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए, जिससे राहत कार्य तेजी से शुरू हो सका। करीब एक दर्जन दमकलकर्मियों ने आग बुझाने के प्रयास किया। दो घंटे बाद आग पर लगभग काबू पा लिया गया है।

## एसडीएम के नाम पर 15 हजार की रिश्वत लेते प्रयोगशाला सहायक गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की अलवर प्रथम चौकी ने कार्रवाई करते हुए दौसा जिले के बांदीकुई में एसडीएम के नाम पर रिश्वत लेते एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी आदित्य शर्मा, जो राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बसवा में प्रयोगशाला सहायक है और वर्तमान में एसडीएम कार्यालय बांदीकुई में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत था, को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी हेल्पलाइन नंबर 1064 पर परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि परिवादी ने मानसी बनाम शिवलखन व अन्य प्रकरण में 15 अप्रैल 2026 को एसडीएम कोर्ट बांदीकुई में दावा प्रस्तुत किया था। आरोप है कि उपखण्ड अधिकारी रामसिंह राजावत ने उक्त प्रकरण में स्टे आदेश देने की एवज में 30 हजार रुपए की रिश्वत अपने अधीन कार्यरत कर्मचारी आदित्य शर्मा के माध्यम से मांगना शुरू किया। एसीबी द्वारा 17 अप्रैल 2026 को शिकायत का सत्यापन किया गया, जिसमें 15 हजार रुपए की रिश्वत मांग की पुष्टि हुई। इसके बाद एसीबी टीम ने ट्रैप की योजना बनाकर कार्रवाई को अंजाम दिया। उप महानिरीक्षक पुलिस चतुर्थ भुवन भूषण के सुपरविजन में तथा एसीबी चौकी अलवर प्रथम के प्रभारी एवं उप अधीक्षक पुलिस शब्बीर खान के नेतृत्व में टीम ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी आदित्य शर्मा को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी के अनुसार आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में अन्य लिप्त व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।


## पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद को आगे आए भामाशाह



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** चंवरा के किशोरपुरा सड़क पर मोरिंडा के पास तीन दिन पहले रसोई गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से गरीब असहाय शंकर लाल मेघवाल का पुरा मकान ध्वस्त हो गया था। घटना के बाद से शासन-प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी तथा एचपीसीएल कम्पनी के अजमेर से अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे थे। जिन्होंने सिर्फ कागजों में खानापूर्ति कर पीड़ित परिवार को कोरा आश्वासन देकर चले गये। किसी ने भी पीड़ित परिवार की रहने खाने की व्यवस्था नहीं की लेकिन पीड़ित परिवार ने आमजन से मदद की गुहार लगाई तो तीसरे दिन सोमवार को सुरेश मीणा किशोरपुरा के नेतृत्व में क्षेत्र के दर्जनों समाजसेवी भामाशाह पीड़ित परिवार की मदद को लेकर फरिश्ते बनकर आये।

### कोबरी-सार




# जयपुर की सड़कों पर उमड़ा नारी शक्ति का जनसैलाब

# नारी शक्ति वंदन के विरोध पर विपक्ष को घेरा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा की ओर से आयोजित जन आक्रोश महिला पदयात्रा के जरिए भाजपा ने शक्ति प्रदर्शन किया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध को लेकर विपक्षी दलों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए हजारों महिलाओं ने भाजपा कार्यालय से शहीद स्मारक तक पदयात्रा निकाली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर इस पदयात्रा को रवाना किया।

### विपक्ष ने 17 अप्रैल को बनाया काला पृष्ठ : मुख्यमंत्री

पदयात्रा से पूर्व आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा, 17 अप्रैल एक ऐतिहासिक दिन बनने वाला था, लेकिन विपक्ष ने अपनी संकीर्ण मानसिकता से इसे काला पृष्ठ बना दिया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि 70 साल तक शासन करने वालों ने महिलाओं को केवल वोट बैंक समझा। उन्होंने कहा कि विपक्ष को डर है कि यदि सामान्य परिवारों की महिलाएं आगे बढ़ेंगी, तो उनका श्परिवारवाद और वर्चस्व समाप्त हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद देश में मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिए धरातल पर काम हुआ है। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी और जनधन खातों जैसे कार्यक्रमों को महिला उत्थान का आधार बताया।

### हक छीनने वालों को चुनाव में मिलेगा जवाब : दिया कुमारी

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने पर कांग्रेस को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करना देश की आधी आबादी के साथ अन्याय है। जागरूक महिलाएं इस अपमान को याद रखेंगी और आने वाले चुनावों में इसका करारा जवाब देंगी। दीया कुमारी ने स्वयं भी पदयात्रा में शामिल होकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।



### कांग्रेसियों का महिलाओं के प्रति दोगला व्यवहार, चरित्र हुआ उजागर : शर्मा

जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं है, बल्कि भारत की आधी आबादी का पूरा हक है। महिलाओं के इस हक को कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों ने दबाने का काम किया है। इससे कांग्रेसियों का महिलाओं के प्रति दोगला व्यवहार, चरित्र उजागर हो गया। संसद में यह संशोधन सर्वसम्मति से पारित होता, तो देश की नारीशक्ति और सशक्त होती, देश का लोकतंत्र और सशक्त होता।

जन आक्रोश महिला पदयात्रा से पूर्व आयोजित सम्मेलन में मंच संचालित करते हुए महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह आंदोलन निरंतर जारी रहेगा और महिलाओं के सम्मान के लिए संघर्ष किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम महिलाओं और बहनों को विश्वास दिलाया है कि उनका हक वे दिलाकर रहेंगे। राखी राठौड़ ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वालों ने आज यह साबित कर दिया है कि उनकी कथनी और करनी में



जमीन.आसमान का अंतर है। दशकों तक जिस बिल को अटकाया, लटकाया और भटकाया गया, उसे जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धरातल पर उतारने का संकल्प ले चुके हैं, तब विपक्ष का दोहरा चेहरा फिर से बेनकाब हो गया है। महिलाओं को सिर्फश्वोट बैंक समझने वाली ताकतों को अब यह जान लेना चाहिए कि देश की नारी जाग चुकी है और वह अपने सम्मान तथा राजनीतिक भागीदारी के रास्ते में आने वाले हर रोड़े का हिसाब लेगी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री मंजू बाघमार, प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति मिर्धा, अल्का मूदंडा, सरिता गैना, प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता स्टेफी चौहान, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, महिला आयोग पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा ने भी आक्रोश सम्मेलन को संबोधित किया और विपक्ष पर जमकर प्रहार किया।

# महिला आरक्षण को लेकर महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** महिला आरक्षण बिल को लेकर देशभर में सियासी घमासान तेज हो गया है। इसी कड़ी में सोमवार को जयपुर में भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने नजर आए। एक और भाजपा महिला मोर्चा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में शहीद स्मारक तक पदयात्रा निकाली तो वहीं दूसरी ओर महिला कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का प्रयास किया। महिला कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने संसार चंद्र रोड पर बैरिकेडिंग कर कार्यकर्ताओं को रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता आगे बढ़ने का प्रयास करती रहीं, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा श्प्रधानमंत्री कुर्सी छोड़ोश् जैसे नारे लगाए। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की



राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि संसद में विपक्ष ने महिला आरक्षण बिल का विरोध नहीं किया, बल्कि उससे जुड़े परिसीमन के मुद्दे का विरोध किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बिल को लागू करने में देरी कर रही है और विपक्ष को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष की मांग है कि वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण बिल को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा की 543 सीटों में से 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जानी चाहिए। अलका लांबा ने राज्य सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं की आवाज को पुलिस के जरिए दबाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस देशभर में इस मुद्दे को लेकर आंदोलन कर रही है और आगे भी प्रदर्शन जारी रहेंगे। इय प्रदर्शन से पूर्व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस को महिला विरोधी बताकर भ्रम फैला रही है, जबकि महिलाओं को सबसे अधिक अधिकार कांग्रेस सरकारों ने दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की मंशा महिलाओं को वास्तविक आरक्षण देने की नहीं है, बल्कि चुनावी लाभ लेना है। शहर में दोनों दलों के प्रदर्शनों के चलते दिनभर राजनीतिक सरगर्मी बनी रही।




# गौशाला का तहसीलदार ने किया निरीक्षण



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** बाबा सुंदरदास गोपाल गौशालाए जाखल में नवलगढ़ तहसीलदार सीताराम निरीक्षण के लिए आए।उनके साथ डॉ. सतीश कुमार उप निदेशक एवं बीवीएचओ, मण्डावा व डॉ. अनूपम बूरी ने गौशाला का अवलोकन किया। इस दौरान गौमाताओं के लिए स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त हरा एवं सूखा चारा, नियमित पशु-चिकित्सा सुविधा, परिसर की साफसफाई, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आवास तथा संपूर्ण प्रबंधन व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया गया। सभी व्यवस्थाएं उत्कृष्ट एवं संतोषजनक पाई गईं। अधिकारियों ने गौशाला की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे एक आदर्श मॉडल गौशाला के रूप में वर्णित किया। यह गौशाला न केवल निर्धारित मानकों पर खरी उतरी है, बल्कि अपने सुव्यवस्थित संचालन, पारदर्शिता और समर्पित सेवा-भाव के कारण एक अनुकरणीय उदाहरण बनकर उभर रही है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर होंगे जागरूकता कार्यक्रम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जयपुर जिले में विभिन्न जन जागरूकता और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि सभी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों बीसीएमओ और चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निदेशालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार विश्व मलेरिया दिवस के तहत विभिन्न गतिविधियों का प्रभावी आयोजन सुनिश्चित करें। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम मलेरिया को खत्म करने का संकल्पः अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा निर्धारित की गई है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य डॉ. सुरेंद्र कुमार गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर जिलेभर में बुखार से पीड़ित मरीजों की जांच के लिए ब्लड स्लाइड एकत्रित की जाएंगी, ताकि मलेरिया की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही आमजन को मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए जनजागरूकता रैलियों का आयोजन किया जाएगा। चिकित्सा संस्थानों में लार्वा का प्रदर्शन कर लोगों को मच्छरों की उत्पत्ति, जीवनचक्र और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य इन गतिविधियों के माध्यम से लोगों में मलेरिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बीमारी की रोकथाम के लिए सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना है। विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं और बुखार होने पर तुरंत जांच कराएं, ताकि मलेरिया को जड़ से समाप्त करने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

# अस्सी हजार की लूट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामनगरिया थाना पुलिस ने लूट की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गई नकदी और वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की है। आरोपियों ने मौज-मस्ती के लिए लूट की वारदात को अंजाम दिया था। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजिता शर्मा ने बताया कि रामनगरिया थाना पुलिस ने लूट की वारदात का खुलासा करते हुए अभिषेक यादव 23 निवासी रामचंद्रपुरा, कोटपूतली-बहरोड़, सूर्य प्रताप सिंह 20 निवासी कितलसर, नागौर और जयवीर सिंह नरूका 19 निवासी खोराबीसल जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मौज-मस्ती के आदी हैं और घूमने-फिरने के लिए उन्होंने अपने परिचित से स्विफ्ट कार ली थी। पैसों की जरूरत होने पर उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालक की रैकी कर लूट की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई राशि बरामद कर ली है तथा वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट कार को भी जब्त कर लिया है। थानाधिकारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि 25 मार्च 2026 को परिवादी ने रामनगरिया थाने में लूट का मामला दर्ज हुआ था कि वह जगतपुरा फाटक के पास कंचन मेडिकल स्टोर संचालित करता है और 24 मार्च की रात करीब 11 बजे दुकान बंद कर घर लौटते समय अपने साथ दिनभर की बिक्री की राशि बैग में लेकर जा रहा था।

रास्ते में सुनसान जगह पर एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। गिरने के बाद कार सवार दो बदमाशों ने धक्का-मुक्की कर उसका बैग छीन लिया, जिसमें करीब 70-80 हजार रुपए नकद, एक सैमसंग मोबाइल और जरूरी दस्तावेज थे। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल और सहायक पुलिस आयुक्त हरिशंकर शर्मा के सुपरविजन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए आरोपियों के रूट का पता लगाया और तकनीकी व मुखबिर सूचना के आधार पर नागौर जिले के डेगाना क्षेत्र से तीनों आरोपियों को दबोच लिया।

# जेजेटी में 6 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जेजेटी विश्वविद्यालय में 20 अप्रैल से 25 अप्रैल तक आई क्यू ए सी सेल द्वारा 6 दिवसीय एफडीपी संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का विषय ट्रांसफॉर्मिंग हायर एजुकेशन थ्रोट एआई इंटीग्रेशन आउटकम बेस्ड एजुकेशन एंड एकेडमिक इनोवेशनथा उद्घाटन सत्र का प्रारंभ मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलन कर किया गया। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. विनोद टीबडेवाल ने ऑनलाइन जुड़कर शुभकामनाएं प्रेषित की तत्पश्चात विश्वविद्यालय प्रेसिडेंट डॉ. मधु गुप्ता ने उपस्थित फैकेल्टी को आधुनिक शिक्षा से जोड़कर अपने विचार रखें कुल सचिव डॉ. अजीत कुमार ने सभी संकाय सदस्यों को उक्त कार्यक्रम से अपने ज्ञान को परिष्कृत व नवीनीकृत करने पर विचार सांझा किये। स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने दिया कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर डॉ. धर्मेंद्र कौशिक ने 6 दिवसीय चलने वाली इस एफ डी पी की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र की प्रमुख वक्ता राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय सीकर की प्राचार्य डॉण् सुनीता पांडे रही जिन्होंने एन ई पी. 2020 पर विस्तार से चर्चा करते हुए की संरचना स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक के सार्थक परिणाम उदाहरण सहित आंकड़ों के साथ प्रस्तुत किये। साथी ही के बुनियादी ढांचे पर भी चर्चा की। दूसरे सत्र के प्रमुख वक्ता पोद्दार महाविद्यालय सीकर के सह आचार्य डॉ. क्रिम जाखड़ रहे जिन्होंने एक आई के लाभ व हानियां को गिनाते हुए शोध में एक आई के उपयोग की जानकारी को सार्थक सिद्ध कर उदाहरण प्रस्तुत किये। इसी सत्र में अगले वक्ता मोदी विद्या विहार झुंझुनू के प्राचार्य, शिक्षाविद व काउंसलर विजय मसीह रहे जिन्होंने विषय पर अपने विचारों को संकाय सदस्यों तक विस्तृत रूप से व्याख्या कर उदाहरण सहित प्रेषित किया। इस कार्यक्रम में कुल 110 संकाय सदस्य व शोधार्थी ऑनलाइन व ऑफलाइन मॉड से जुड़कर अपने ज्ञान का संवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्य वित्त अधिकारी डॉ. अमन गुप्ता, डॉ. इकराम कुरैशी, डॉ कपिल जानू, डॉ. नीतिश गौतम, डॉ. अनंता शांडिल्य, डॉ. सविता संगवान, डॉ. धनेश कुमार मीणा, डॉ. शिवकुमार व सभी संकाय सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. नाजिया हुसैन, डॉ. आरती पवार व डॉ. ज्योति सोनी ने किया ।

# झुंझुनू को रेलवे जंक्शन बनाने की मांग तेज

## 17,890 प्रवासियों ने रेलमंत्री को लिखे पोस्टकार्ड

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान के तहत देशभर में रह रहे प्रवासी झुंझुनू वासियों का समर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है। हैदराबाद में शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के विशेष प्रवास के दौरान आयोजित 10 दिवसीय अभियान में श्रेलमंत्री को लिखो पोस्टकार्ड कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 17,890 प्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी मांग को मजबूती से उठाया। अभियान के तहत प्रतिभागियों ने रेलमंत्री को पोस्टकार्ड लिखकर झुंझुनू को रेलवे जंक्शन घोषित करने की मांग को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया।

इस जनसमर्थन ने अभियान को नई ऊर्जा प्रदान की है। समिति अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में झुंझुनू प्रगति संघ हैदराबाद के अध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता, सीए सुरेश कुमार गुप्ता, समाजसेवी पवन कुमार केडिया निजामाबाद, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार पंसारी, संजय पसारी, विजय कुमार तुलस्यान, बजरंगलाल मित्तल, कुंज बिहारी मित्तल, विनोद कुमार पोद्दार, सावित्री सैनी, नवीन कुमार तुलस्यान, महेंद्र खेतान, संजय अग्रवाल, यश अग्रवाल, नवनीत डागा, प्रदीप शर्मा, सुरेंद्र शाह, सुरेश बंसल, प्रवीण मुरली केडिया, सीए योगेश सिंधानिया, पवन कुमार पंसारी, नवीन कुमार पंसारी, सुरेश कुमार वालिया, अशोक कुमार चौरडिया, मुरारीलाल राणासरिया, सुशील कुमार पचेरिया, सुशील कुमार तुलस्यान सहित अनेक प्रवासियों का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि 20 अप्रैल से मुंबई में भी श्रेलमंत्री को लिखो पोस्टकार्ड अभियान शुरू हो चुका है, जबकि 4 मई से सूरत में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य देशभर में बसे झुंझुनू वासियों को जोड़कर इस जनहित की मांग को सरकार तक मजबूती से पहुंचाना है।

# अधिवक्ताओं का धरना जारी




निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** उपखंड अधिकारी दीपक चंदन की कार्यशैली व साथी अधिवक्ता चन्द्र प्रकाश के साथ अभद्र व्यवहार करने के विरोध में अभिभाषक संघ सूरजगढ़ के अधिवक्ता पिछले महीने भर से धरने पर बैठे हुए हैं। सचिव अभिभाषक संघ सूरजगढ़ एडवोकेट राकेश वर्मा ने बताया कि महीने भर से सभी अधिवक्ता व मौजिज लोग अनवरत धरने पर बैठे हैं जिससे सम्पूर्ण न्यायिक प्रक्रिया बाधित हो रही है जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# रामचन्द्रजी मंदिर का पाटोत्सव आज



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चांदपोल बाजार स्थित ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी का 141 वां स्थापना दिवस पाटोत्सव 21 अप्रैल मंगलवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। वैशाख शुक्ल पंचमी के अवसर पर प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला यह उत्सव मंदिर स्थापना संवत 1885 की परंपरा का प्रतीक है। मंदिर के 140 वर्ष पूर्ण होने पर इस बार विशेष धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। मंदिर महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः 6 बजे मंगला आरती के साथ होगी, जिसके साथ ही भक्तों के मनोरथ आरंभ हो जाएंगे। सुबह 8 बजे ठाकुर जी का श्रृंगार, 9:30 बजे श्रृंगार आरती तथा 11 बजे से श्री राम दरबार का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। अभिषेक में 101 किलो गाय के दूध सहित दही, घी, शहद, बुरा, चंदन, केसर, गुलाब जल, मोगरा जल, केवड़ा जल और फलों के रस से विधिवत स्नान कराया जाएगा। षोडश पूजन के साथ यह अनुष्ठान संपन्न होगा। दोपहर 12:30 बजे के बाद ठाकुर जी का भव्य रजवाड़ी श्रृंगार किया जाएगा, जिसमें स्वर्ण ताज, रत्न जड़ित आभूषण और राजसी तलवार धारण कराई जाएगी। वहीं श्री सीता जी को भी पारंपरिक राजसी आभूषणों से सजाया जाएगा। दोपहर 2:30 बजे स्थापना दिवस की मुख्य आरती और शाम 7 बजे संध्या आरती का आयोजन होगा, जिसमें 51 हवाई गर्जना के साथ हजारों श्रद्धालु एक साथ आरती करेंगे। पूरे दिन मंदिर परिसर में बधाई गान और भक्ति कार्यक्रम चलते रहेंगे। आरती के बाद मंदिर भक्त समाज और जीन माता भक्त मंडल द्वारा भजन.कीर्तन प्रस्तुत किए जाएंगे। महंत तिवाड़ी ने बताया कि यह आयोजन पांच दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। 25 अप्रैल को जानकी नवमी के अवसर पर माता सीता का जन्मोत्सव भी रामनवमी की तर्ज पर धूमधाम से मनाया जाएगा।

# मंदिर में हुई चोरी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर में लगातार मंदिरों में चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। शनिवार को दुलिया बास में स्थित माताजी मंदिर में दिनदहाड़े अज्ञात चोर मंदिर से चांदी के छत्र व चांदी की थाली चुरा ले गए। घटना को लेकर वार्ड के विनोद खटीक ने कोतवाली थाने में मामला भी दर्ज कराया।

पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि अज्ञात चोर मंदिर से छत्र, कलश, चम्मच, थाली, गिलास चुरा कर ले गए। चोरी हुए चांदी के सामान का वजन करीब डेढ़ किलो बताया जा रहा है।

# सप्त शक्ति ऑडिटोरियम में ऑर्गन-टिश्यू डोनेशन पर जागरूकता सत्र आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर मिलिट्री स्टेशन स्थित सप्त शक्ति ऑडिटोरियम में ऑर्गन एवं टिश्यू डोनेशन को लेकर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम एमएफजेसीफ के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें सैन्य कर्मियों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जनसंपर्क अधिकारी रक्षा लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन ने बताया कि सत्र में मोहन फाउंडेशन के विशेषज्ञों ने अंगदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इससे जुड़े भ्रम और गलत धारणाओं को दूर किया। उन्होंने बताया कि एक दाता कई लोगों को जीवनदान दे सकता है। साथ ही अंगदान की प्रक्रिया, कानूनी और नैतिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह ने कहा कि यह सामाजिक पहल मानवता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इससे कई अनमोल जीवन बचाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में करुणा, सेवा और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने गहरी रुचि दिखाई और इसे उपयोगी बताया। साथ ही अंगदान जैसी जीवनरक्षक पहल के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया।

# 15वां हेमलता प्रभु स्मृति समारोह 23 को

निसं

जयपुर (नवयत्न)। जवाहर कला केंद्र के मध्यवर्ती में 23 अप्रैल को शाम 6 बजे 15वां हेमलता प्रभु स्मृति समारोह आयोजित किया जाएगा। जयपुर की पहली महिला नाट्य निर्देशक एवं शिक्षाविद् हेमलता प्रभु के जन्मदिवस पर होने वाले इस कार्यक्रम में नाट्य प्रस्तुति के साथ उनके शिष्य अपने अनुभव साझा करेंगे। कार्यक्रम में आमजन निरूशुल्क भाग ले सकेंगे। समारोह के पहले सत्र में आईएएस अधिकारी संगीता गैरोला श्मेरा कॉलेज जीवन और उसका प्रभाव विषय पर संबोधन देंगी, जिसमें वे अपने विद्यार्थी जीवन में हेमलता प्रभु के योगदान को याद करेंगी। दूसरे सत्र में शास्त्रीय नृत्यांगना प्रियाक्षी अग्रवाल श्नंगा कपड़ा नाटक की प्रस्तुति देंगी, जो भारत में वस्त्र परंपरा और स्त्री व्यक्तित्व से जुड़े सामाजिक मनोविज्ञान पर आधारित है। आयोजकों ने बताया कि हेमलता प्रभु ने कला, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जन्म 23 अप्रैल 1920 को हुआ था। उन्होंने प्रेसीडेंसी कॉलेज, मद्रास से शिक्षा प्राप्त कर महारानी कॉलेज में अध्यापन किया और वर्ष 1965 में कनोडिया महिला महाविद्यालय की सह .स्थापना की।

# जल संकट गहराया, ग्रामीणों का जलदाय विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** क्षेत्र के गांव काकलासर में पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण जलदाय विभाग कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले करीब एक महीने से गांव में नियमित रूप से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीने के पानी के लिए लोगों को दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है, वहीं मवेशियों के लिए भी पानी की किल्लत बनी हुई है।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार फोन करने के बावजूद अधिकारी फोन नहीं उठाते, और यदि फोन उठाते भी हैं तो संतोषजनक जवाब देने के बजाय अभद्र व्यवहार करते हैं। इससे ग्रामीणों में आक्रोश और बढ़ गया है। बाद में ग्रामीणों ने सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह छाजूसर के नेतृत्व में जलदाय विभाग कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक गांव में नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं की जातीए तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को पेयजल संकट से राहत मिल सके। इस दौरान श्रवण नाथ, सादुलसिंह, प्रभुसिंह, राजूराम चंदेल, तारु नाथ, पवन कुमार नायक, भीमनाथ, विष्णु नाथ, उपेन्द्र सिंह, धीरज सिंह, मोहर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# भाजपा नेता बबलू चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता जयपुर पहुंचे




निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिला आरक्षण बिल का संसद में कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों द्वारा विरोध कर उसे पास करवाने में रोड़ा बनने तथा इनके द्वारा महिलाओं के अधिकारो पर वार करने के विरोध में भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा जयपुर में आयोजित जन आक्रोश महिला सम्मेलन में झुंझुनू जिले की झुंझुनू विधानसभा से भाजपा नेता बबलू चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, महिलाएं व पुरुष जयपुर जन आक्रोश कार्यक्रम में शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी के निर्देशन में तथा भाजपा नेता बबलू चौधरी के नेतृत्व में विधानसभा से बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष कार्यकर्ता बस व निजी वाहनों से जयपुर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित जन आक्रोश महिला सम्मेलन एवं पदयात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा, जगदीश गोस्वामी, अनिल जोशी, कृष्ण कुमार पुरोहित, सावित्री सैनी, सुशीला झाझड़िया, अनीता सैनी, विनोद कंवर, संतोष चौधरी, मनीषा सैनी, मंजू, मुन्नी, प्रमिला, रक्षा, चंदा, रितु सैनी, माया, विनीता, ऋतु, सुधा, परमेश्वरी, प्रभा देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष जयपुर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा 24 से, पोस्टर का विमोचन

निसं




**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में स्वर्गीय सुखी देवी एवं ईसरराम खडोलिया की पुण्य स्मृति में उनके परिवारजनों द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ 24 अप्रैल 2026, सुबह 8:30 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ होगा। यह कलश यात्रा टांटीया शिवालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल माली सैनी समाज भवन पहुंचेगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों के साथ शामिल होंगी कथा का वाचन प्रख्यात कथावाचक दंडी स्वामी शिवेंद्राश्रम महाराज के श्रीमुख से होगा, जो श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों का रसपान कराएंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 1:15 बजे से सायं 5:15 बजे तक आयोजित की जाएगी रविवार को कार्यक्रम का विधिवत पोस्टर विमोचन नंदलाल खडोलिया, सांवरमल बाबूलाल, शंकर लाल, बनवारी लाल खडोलिया, पंकज एकैलाश खडोलिया, बिड़दीचंद प्रजापत व परिवारजनों की उपस्थिति में किया गया। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि कथा को लेकर सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं और श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रूप दिया जा रहा है।

# कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक : संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ का दिया संदेश

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** मान नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक का आयोजन झुंझुनू ब्लॉक कांग्रेस और गिडानिया ब्लॉक कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के झुंझुनू विधानसभा प्रत्याशी रहे अमित ओला उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता झुंझुनू विधानसभा प्रभारी इस्लाम खान ने की। अमित ओला ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर आमजन से जुड़ें और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ पालन करते हुए आगामी चुनावों में कांग्रेस को मजबूत करना सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। विधानसभा प्रभारी इस्लाम खान कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाना ही जीत की कुंजी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी के निर्देशों का पालन करते हुए पूरी निष्ठा, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ मैदान में उतरें ताकि आने वाले चुनावों में कांग्रेस को और मजबूती मिल सके। कार्यकारी अध्यक्ष खलील बुडाना ने कहा कि पार्टी की रीति-नीति और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आपसी समन्वय और अनुशासन के साथ काम करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें, जिससे आगामी चुनावों में बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकें। ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर सिंह ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए जमीनी स्तर पर लगातार काम करे प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर पार्टी की योजनाओं और विचारधारा को आमजन तक पहुंचाए। कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने और बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया ताकि आने वाले चुनावों में कांग्रेस को मजबूत स्थिति मिल सके।

बैठक के दौरान संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ का संदेश देते हुए पार्टी नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर सिंह महला गिडानिया, ब्लॉक अध्यक्ष अजमत अली झुंझुनू, पूर्व अध्यक्ष तैयब अली, मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार, मुमताज अली कबाड़ी, जगन सिंह सिहाग, लालचंद सैनी, प्रदीप कुमार सैनी, मनोज कुमार, राजकुमार डिग्रवाल, इकबाल मलवान, अब्दुल्ला अगवान, इलियास अली, जितेंद्र बड़सरा, मनोज कुलहरी, कैलाश कुमावत, मोहम्मद अयूब कबाड़ी, वीरेंद्र भैड़ा, किशन सिंह मिल, राजेंद्र प्रसाद, लक्ष्मण सिंह सैनी, राजेश कुमार, अनमोल कुमार, जुल्फिकार खोखर, रमेश कुमार ओला, नगर अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक व मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारी, पार्षद व पार्षद प्रत्याशी, सरपंच व सरपंच प्रत्याशी सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूती देने और पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया। बैठक का संचालन झुंझुनू ब्लॉक अध्यक्ष अजमत अली ने किया।

## एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी के नगरपालिका परिसर में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का सोमवार को आयोजन किया गया। चिकित्सा विभाग की ओर से लगाए गए चिकित्सा शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें दस कर्मचारी शुगर व ब्लड प्रेशर की बिमारी से ग्रस्त पाए जाने पर उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। नगरपालिका एसआई सुनील कुमार सैनी ने बताया कि नगरपालिका में कार्यरत कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर राज्य सरकार के निर्देश पर शिविर आयोजित कर सफाई कर्मचारी, कचरा बीनने वाले व रेंज पिक्कर्स की जांच कर आवश्यक जानकारी दी जा रही है। नगरपालिका में कार्यरत अधिकांश कर्मचारी लगातार ड्यूटी पर होने के कारण स्वास्थ्य पर पूर्ण रूप से ध्यान नहीं दे पाते है, जिसके चलते उन्हें गंभीर बिमारियों से ग्रस्त होना पड़ रहा है। वर्तमान समय में ब्लड प्रेशर, शुगर व अन्य बीमारियों से पीड़ित हो ज्यादा पीड़ित हो रहे हैं। उप जिला उप जिला अस्पताल के डॉ. हिमांशु लंबोरा ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी व कार्य की व्यस्तता के चलते लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते है। पहले तो बिमारी का पता नहीं लग पाता। इसके बाद जब वह गंभीर होती है तो कुछ लोग नजर अंदाज कर देते है। जिसके बाद लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहना चाहिए तथा किसी प्रकार की बिमारी होने पर समय पर उपचार करवाना चाहिए। ऐसे में नगरपालिका कर्मचारियों को स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए खानपान का विशेष ध्यान रखना होगा। वही योग करके शरीर में होने वाली बीमारियों को दूर भगाया जा सकता है। उन्होंने कर्मचारियों को पर्याप्त मात्रा में नींद लेने व गर्मी के मौसम में धूप से बचाव की जानकारी दी गई। इस दौरान नगरपालिका में कार्यरत कर्मचारियों के ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य जांच कर परामर्श दिया गया। वहीं कुछ कर्मचारियों को ब्लड प्रेसर व शुगर की बीमारियां होने पर चिकित्सा विभाग की ओर से दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर डॉ. हिमांशु लंबोरा, झाझडिया, लैब टेक्नीशियन मनोज सैनी, नगरपालिका एसआई सुनील कुमार सैनी, अशोक कुमार, बाबूलाल, ललित कुमार, मोहित सैनी, चीमा देवी, कांता देवी, लाली देवी सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्कूल में मामूली विवाद में छात्र ने क्लासमेट पर किया चाकू से हमला

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** बगरू थाना इलाके में स्थित एक निजी स्कूल में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जहां 12वीं कक्षा के एक नाबालिग छात्र ने अपने ही क्लासमेट पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। घायल छात्र को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। थानाधिकारी राजेन्द्र गोदारा ने बताया कि गौशाला रोड स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ने वाले दोनों 17 वर्षीय छात्र कक्षा के दौरान पानी फेंकने की बात को लेकर आपस में उलझ गए। पहले कहासुनी हुई, जो बाद में गाली-गलौच में बदल गई। विवाद बढ़ने पर गुस्साए एक छात्र ने अपने पास मौजूद फल काटने के चाकू से दूसरे छात्र पर हमला कर दिया। इस हमले में छात्र के हाथ में चोट आई। मौके पर मौजूद शिक्षकों ने तुरंत हस्तक्षेप कर दोनों छात्रों को अलग किया और स्थिति को नियंत्रित किया। घटना की सूचना परिजनों को दी गई, जिसके बाद घायल छात्र का प्राथमिक उपचार कराया गया। इस घटना के बाद दोनों पक्षों के परिजनों को थाने बुलाया गया, लेकिन दोनों ही पक्षों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से इनकार कर दिया। पुलिस ने फिलहाल दोनों पक्षों के बीच समझौता राजीनामा करवा दिया है। पुलिस का कहना है कि शिकायत नहीं मिलने के कारण कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है, हालांकि घटना को गंभीरता से लिया गया है और स्कूल प्रबंधन को भी छात्रों की सुरक्षा एवं अनुशासन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## युवती का पीछा कर दोस्ती के लिए धमकाने वाला मनचला गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए तैनात कालिका पेट्रोलिंग टीम ने सोमवार को एक मनचले को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। यह युवक काफी समय से एक युवती का साए की तरह पीछा कर उसे दोस्ती के लिए डरा-धमका रहा था। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि सोमवार को कालिका पेट्रोलिंग यूनिट गुलाब, सुमित्रा, सोनू और रेखा गश्त पर थी । इसी दौरान एक युवती ने फोन पर सूचना दी कि एक युवक रोज उसका पीछा करता है और दोस्ती न करने पर धमकियाँ देता है । युवती ने बताया कि वह युवक उसके मोती डूंगरी स्थित ऑफिस तक पहुँच गया है और बाहर थड़ी पर बैठकर उसका इंतजार कर रहा है। जिससे उसका घर से निकलना मुश्किल हो गया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा के नेतृत्व में टीम ने तुरंत मौके पर पहुँचकर युवती से संपर्क किया। युवती के इशारे पर टीम ने आरोपी अंकित पाराशर 24 निवासी मंडरायल जिला करौली को दबोच लिया । जब पुलिस ने उसका मोबाइल चेक किया तो उसमें युवती का नंबर और उसकी स्कूटी के साथ खींची गई तस्वीरें मिलीं । पुलिस ने फोन से डेटा डिलीट करवा कर आरोपी को मोती डूंगरी थाने के सुपुर्द कर दिया है । पुलिस प्रशासन ने महिलाओं से अपील की है कि वे किसी भी विषम परिस्थिति में निर्भया हेल्पलाइन की सहायता लें ।

## तीन सूत्री मांगों को लेकर धरना शुरू



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** तीन सूत्री मांगों को लेकर कॉमरेड जगदीश नाथ ने जलदाय विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया है। जगदीश नाथ ने बताया कि टूटी सड़कों का पेच वर्क करवाने, पेयजल किल्लत की समस्या को दूर करने व पाइप लाइन लीकेज की समस्या को दूर करने की मांग को लेकर धरना शुरू किया गया है। धरने पर लोगों ने समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर नारेबाजी की। धरने पर पहले दिन एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, अंकित तंवर, गोपाल माली, अशोक स्वामी, लालसिंह, बागाराम प्रजापत, शिवलाल जाट, गोविंद जाखड़, रामकुमार जाखड़, प्रहलाद स्वामी, रोहित माली, गजानंद आदि ने शिरकत की। धरने पर बैठे लोगों ने ज्ञापन भी सौंपा।

## दो दिवसीय संस्था प्रधान वाकपीठ संगोष्ठी का शुभारंभ



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** ब्लॉक में शिक्षा सुधार और नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा दो दिवसीय वाकपीठ संगोष्ठी का सोमवार को भव्य शुभारंभ किया गया। यह संगोष्ठी जसवंतगढ़ स्थित जगन्नाथ तापडिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई। जिसमें ब्लॉक के 166 राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों के संस्था प्रधानों ने भाग लिया। संगोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने सरकारी विद्यालयों में प्रवेश उत्सव को प्रभावी ढंग से मनाने, विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्धि करने, एसएमसी व एसडीएमसी में आमजन की सक्रिय सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा स्कूल संचालन में प्रधानाध्यापको की महत्वपूर्ण भूमिका जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही शिक्षा क्षेत्र में आवश्यक सुधारों और नवाचारों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में वाकपीठ प्रबंधन समिति के संयोजक एवं सीबीईओ प्रहलाद राय, एसीबीईओ कल्याण सिंह, समिति अध्यक्ष गोपाल सिंह, उपाध्यक्ष हेमाराम, कोषाध्यक्ष जयदेव जांगिड़, सचिव ओमशंकर गर्वा, महामंत्री विजेन्द्र बाटड़, महिला मंत्री शिल्पी जैन तथा शिक्षक नेता नानूराम गोदारा, विजय सिंह, प्रकाश स्वामी सहित क्षेत्र के गणमान्य जन एवं संस्था प्रधान उपस्थित रहे।

## खेल मैदान का निर्माण कार्य शुरू

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के जसरापुर गांव के पीपली स्टैंड के पास प्रस्तावित 200 मीटर 150 मीटर के खेल मैदान के समतलीकरण और साफसफाई का कार्य विधिवत रूप से शुरू हो गया। यह कार्य जसरापुर ग्रामीण विकास समिति के प्रयासों से भामाशाह पुरुषोत्तमलाल केजड़ीवाल, रामेश्वरलाल केजड़ीवाल और जितेंद्र केजड़ीवाल मुंबई के आर्थिक सहयोग से कराया जा रहा है। गांव के युवाओं की ओर से लंबे समय से व्यवस्थित खेल मैदान की मांग की जा रही थी, जिसे देखते हुए समिति ने सर्वसम्मति से इस विकास कार्य को शुरू करने का निर्णय लिया। समिति के अनुसार मैदान को जेसीबी मशीनों की सहायता से विलायती कीकर, आंकड़े, घास और झाड़ियों को हटाकर पूरी तरह समतल किया जाएगा, ताकि इसे खेल गतिविधियों के लिए उपयुक्त बनाया जा सके। इसके साथ ही मैदान में रनिंग ट्रैक सहित अन्य आवश्यक खेल सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी, जिससे युवाओं को अभ्यास के लिए बेहतर और सुरक्षित वातावरण मिल सके। इस कार्य का शुभारंभ सांवलराम सेड़ूका और प्रताप धानिया ने पूजा-अर्चना के साथ किया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा मौजूद रहे, जिन्होंने इस पहल पर खुशी जताई और इसे गांव के विकास की दिशा में अहम कदम बताया। समिति के सचिव शिवकुमार सुरेलिया और आशीष केडिया ने बताया कि वर्तमान में भी इसी मैदान पर अभ्यास कर लगभग 40-50 युवा सेना और पुलिस में चयनित हो चुके हैं। अब मैदान के विकसित होने से युवाओं को और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनकी तैयारी और अधिक मजबूत होगी। खेल मैदान के निर्माण कार्य शुरू होने से गांव में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों और युवाओं ने विकास समिति और सहयोग करने वाले प्रवासी ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा कि यह पहल आने वाले समय में गांव की खेल प्रतिभाओं को नई दिशा देगी। इस अवसर पर रामचंद्र नायक, चुन्नीलाल चनेजा, रघुवीर छावड़ी, महेंद्र सिंह शेखावत, प्रवीण भोजगढिया, मेघाराम सिराधना, रामस्वरूप सिराधना, सुरेश भाडोरिया, ओमप्रकाश सिराधना, सुंदरलाल, सुरेंद्र जांगिड़, मनीष कैटर्स, विक्रम भांडोरिया, उमराव सिंह, जितेंद्र सेड़ूका, सुनील धानोता, आजाद राठी, सुभाष धानिया, संदीप पावटा, राकेश गुप्ता, जोधाराम टोडपुरिया, लाला सेड़ूका, कुंदन गोठवाल, दिनेश कुमार और सोनू बजाड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दिलखुश परिवार की बेटियों ने किया नाम रोशन, खुशी का माहौल

विजेन्द्र सिंह लमोरिया





**चिड़ावा (नवयत्न)।** अग्रवाल समाज की बेटियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए समाज का नाम रोशन किया है। कस्बे के दिलखुश परिवार के मुखिया स्व. रामावतार गोयल-विद्या गोयल की दोहिती डॉ निर्विका सिंघानिया और डॉ शैली गोयल ने हाल ही में एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर डॉक्टर बनने का गौरव हासिल किया है। डॉ निर्विका सिंघानिया, चतुर्भुज व अनिशा सिंघानिया की सुपुत्री तथा स्व. रामावतार गोयल व विद्या गोयल की दोहिती हैं। चूड़ी अजीतगढ़ निवासी है, जो वर्तमान में भरूच, गुजरात प्रवासी हैं। वहीं डॉ शैली गोयल, अशोक व बिंदू गोयल की सुपुत्री तथा स्व. रामावतार गोयल व विद्या गोयल की सुपौत्री हैं। दोनों बेटियों की इस उपलब्धि पर अग्रवाल समाज चिड़ावा में हर्ष का माहौल है। समाज के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन रही हैं। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों व समाज के प्रतिनिधियों ने भी दोनों नव-डॉक्टरों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिनमें प्रमुख रूप से पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका, अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष दामोदरप्रसाद हिम्मतरामका, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश मालानी, युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अनुज भगेरिया, हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष विपुल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रमेश गाडिया, अग्रवाल जन कल्याण समिति के संस्थापक महामंत्री पूर्व प्रिंसिपल प्रदीप मोदी, श्रीकांत हलवाई, महेश सर्राफ, अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व महामंत्री कृष्ण कुमार बाछुका, युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विष्णु चौधरी, राकेश वेद, पूर्व सहवृत्त सदस्य कपिल भगेरिया, कन्हैया लाठ, प्रकाश मोदी, राजेश वेद, मुरारी किठानिया, महेश मोदी, किशन गोयल, अशोक गोयल, युवा अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र मोदी, दिनेश झुंझुनूंवाला, अमित सुशील गोयल, पूर्व सहवृत्त सदस्य एवं बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य मनीषा केडिया, प्रशांत पिचानवेवाला, आशीष अग्रवाल गाडाखेड़ा, नितिन केडिया आदि प्रमुख है।

## विद्यार्थियों को टी-शर्ट व लोअर सेट वितरित

**बुगाला (नवयत्न)।** महात्मा गांधी विद्यालय, धायलों का बास में गणवेश वितरण कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर विद्यार्थियों को टी-शर्ट एवं लोअर सेट वितरित किया गया। खास बात यह रही कि टी-शर्ट पर विद्यालय का नाम व लोगो अंकित है, जिससे विद्यार्थियों में विद्यालय के प्रति अपनत्व एवं गर्व की भावना विकसित होगी। इसका संपूर्ण व्यय विद्यालय स्टाफ द्वारा वहन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को गणवेश दिए गए। इस अवसर पर भामाशाहों ने अपनी सहभागिता निभाते हुए विद्यार्थियों के लिए जूते उपलब्ध कराने हेतु सहयोग राशि भेंट की। इस अवसर पर कैप्टन धूड़सिंह धायल, शांता कौर, जयकरण धायल, उम्मेद सिंह धायल, चंदगीराम धायल, हरलाल मूंड, रामनिवास धायल, रवि प्रकाश कसाना, महेश कुमार, शीशराम, सुनील कुमार, संजय कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। संस्था प्रधान सुमन कुमारी धायल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे प्रेरणादायक प्रयास भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

## सामूहिक स्वर में गूंज-महेश बसावतिया को सौंपी जाए विप्र कल्याण बोर्ड की कमान

हर्ष सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिलेभर में विप्र समाज और पुजारी संगठनों की ओर से महेश बसावतिया को विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद पर नियुक्त करने की मांग तेज होती जा रही है। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं विप्र संस्थाओं ने एक स्वर में बसावतिया के नाम का समर्थन करते हुए राज्य सरकार से उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने की अपील की है। पिछले दो दशकों से झुंझुनू जिले की सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे महेश बसावतिया आज विप्र समाज की पहली पसंद बनकर उभरे हैं। समाज के हर वर्ग में उनकी मजबूत पकड़ और स्वीकार्यता ने उन्हें इस पद के लिए सबसे प्रबल दावेदार बना दिया है।

### संगठन और समाज के बीच मजबूत सेतु

महेश बसावतिया ने विप्र समाज और पुजारी सेवक महासंघ में विभिन्न जिम्मेदार पदों पर रहते हुए संगठन और समाज के बीच सशक्त सेतु का कार्य किया है। उन्होंने विप्र हितों के लिए लगातार संघर्ष करते हुए समाज में एकजुटता को मजबूती प्रदान की है।

### राजनीतिक रणनीति में भी मजबूत पकड़

भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में बसावतिया ने संगठनात्मक कार्यों के साथ-साथ चुनावी रणनीति, मीडिया प्रबंधन और जनसंपर्क में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। लगभग एक दशक तक जिला मीडिया प्रकोष्ठ अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मीडिया संचालन की अहम जिम्मेदारी निभाई। उनकी रणनीतिक सोच का ही परिणाम रहा कि झुंझुनू विधानसभा उपचुनाव में पार्टी को उल्लेखनीय सफलता मिली।

### धार्मिक आयोजनों में अहम भूमिका

धार्मिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उनके नेतृत्व में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण 108 कुंडीय महायज्ञ को जिले का भव्य आयोजन माना जाता है। इसके अलावा राम मंदिर उद्घाटन समारोह के अवसर पर देशभर के भामाशाहों को जोड़कर उन्होंने आयोजन को व्यापक स्तर पर सफल बनाया।

### हर वर्ग में विश्वास और सम्मान

बसावतिया ने विप्र समाज और पुजारी संगठनों के माध्यम से समाजहित में कई रचनात्मक कार्य किए हैं, जिससे वे आज हर वर्ग में सम्मान और विश्वास के प्रतीक बन चुके हैं।

### सरकार से निर्णायक कदम की अपेक्षा

जिले की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं विप्र संस्थाओं ने राज्य सरकार से मांग की है कि महेश बसावतिया को विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी जाए, ताकि उनके अनुभव और नेतृत्व का लाभ पूरे प्रदेश के विप्र समाज को मिल सके।

## राज्य सरकार ने आवंटित की ब्राह्मण समाज को छात्रावास हेतु भूमि

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान सरकार द्वारा सामाजिक उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ब्राह्मण समाज की रजिस्टर्ड संस्था विप्र कल्याण संस्थान को 1500 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की गई है। यह भूमि जिला प्रशासन के सहयोग एवं संस्थान की कार्यकारिणी के अथक प्रयासों का परिणाम है। पिछले 35 वर्षों से शहर मुख्यालय पर ब्राह्मण समाज के भवन और छात्रावास निर्माण हेतु भूमि की मांग की जा रही थी जिसके परिणामस्वरूप अब भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने ब्राह्मण समाज को 1500 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की है। संस्थान के अध्यक्ष कमल कांत शर्मा, मंत्री उमाशंकर महमिया, संरक्षक जयप्रकाश शर्मा, रामगोपाल महमिया, राकेश सहल, विकास पुरोहित सहित ब्राह्मण समाज के सभी पदाधिकारियों के निरंतर अथक प्रयासों से यह उपलब्धि संभव हो सकी है। परशुराम जयंती के पावन अवसर पर सेठ मोतीलाल स्टेडियम के पीछे स्थित इस आवंटित भूमि पर भगवान परशुराम का पूजन कर उनका जन्मोत्सव मनाया गया। संस्था अध्यक्ष कमल कांत शर्मा ने बताया कि इस भूमि पर शीघ्र ही भव्य और विशाल छात्रावास एवं भवन निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिसके लिए जल्द ही जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें जिलेभर से विप्र शिरोमणी भाग लेंगे। शर्मा ने बताया कि प्रस्तावित छात्रावास में जिले भर के समाज के विद्यार्थी रहकर अपनी शिक्षा जारी रख सकेंगे, जिससे उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होगी। यह भवन न केवल शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोलेगा बल्कि समाज के समग्र विकास में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस निर्णय से पूरे जिले के ब्राह्मण समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल है। समाज के लोगों ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे एक ऐतिहासिक पहल बताया है।

## सम्पादकीय

# परिसीमन का जटिल प्रश्न



संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण संबंधी संविधान संशोधन विधेयक पारित न होने के बाद पक्ष-विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। यह लगभग तय है कि यह दौर हाल-फिलहाल थमने वाला नहीं है। कहना कठिन है कि आम जनता और विशेष रूप से महिलाओं को किसका नैरेटिव सही जान पड़ेगा, क्योंकि दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने और महिला आरक्षण को लागू करने के तौर-तरीकों पर तकरार करने से किसी को और विशेष रूप से लोकसभा एवं विधानसभाओं में अपने लिए 33 प्रतिशत सीटों की प्रतीक्षा कर रही महिलाओं को तो कुछ भी हासिल होने वाला नहीं है।

अब जबकि प्रधानमंत्री ने गत दिवस राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि महिला आरक्षण को लागू कराने के अपने इरादे से वे डिगे नहीं हैं एवं उनके हौसले बुलंद हैं और विपक्ष भी यह कह रहा है कि उसका विरोध महिला आरक्षण से नहीं, बल्कि सभी राज्यों में लोकसभा की 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाने के फार्मूले और परिसीमन से है, तब फिर उचित यह होगा कि इस जटिल प्रश्न का समाधान निकालने के लिए दोनों पक्ष सहमति कायम करने की दिशा में आगे बढ़ें। परिसीमन के प्रश्न को और अधिक समय तक नहीं टाला जा सकता।

संवैधानिक आवश्यकता यह कहती है कि प्रत्येक जनगणना के बाद परिसीमन होना चाहिए। यह दुर्भाग्य की बात रही कि 1971 की जनगणना के बाद 1976 में परिसीमन की प्रक्रिया इस कारण फ्रीज कर दी गई, क्योंकि दक्षिण भारत के राज्यों का तर्क था कि वे अपनी आबादी कम करने में सफल रहे हैं और परिसीमन से उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व कम हो सकता है।

विडंबना यह रही कि 1976 में 25 वर्ष के लिए फ्रीज किए गए परिसीमन को 2001 में 25 और वर्षों के लिए फ्रीज कर दिया गया, लेकिन अब जबकि यह अवधि पूरी हो गई है, तब मौजूदा जनगणना के बाद परिसीमन तो कराना ही होगा, अन्यथा संविधान की इस मूल भावना का निरादर होगा कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति के वोट का मूल्य बराबर होना चाहिए। विपक्षी दलों ने भले ही परिसीमन पर आपत्ति जताकर महिला आरक्षण की राह रोक दी हो, लेकिन यदि अगली जनगणना के बाद जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होता है तो उससे दक्षिण के राज्यों को तो राजनीतिक रूप से अधिक नुकसान ही होगा। ऐसे में उचित यही होगा कि सभी राज्यों में लोकसभा की 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाकर परिसीमन किया जाए ताकि लोकसभा के सभी सदस्यों को लगभग समान संख्या में लोगों के प्रतिनिधित्व का अवसर मिल सके। यदि दक्षिण के राज्यों के जनसंख्या आधारित परिसीमन के विरोध को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाएगा तो इससे उत्तर भारत के राज्यों के हितों की कहीं अधिक अनदेखी होगी और यह भी उचित नहीं होगा।

## विशेष आलेख

# व्यवस्था का आईना, डिजिटल दावों और जमीनी हकीकत के बीच फंसी राजधानी

स्मार्ट बस शेल्टर पर रुकी हुई घड़ियां हों या थानों में धाराओं के साथ होता 'शिकायत का खेल', दिल्ली की व्यवस्था आज कई विरोधाभासों के बीच खड़ी है। 'बेदिल' द्वारा लिखे गए कॉलम में पढ़िए राजधानी के विभिन्न विभागों की कार्यसंस्कृति और उन जमीनी सच्चाइयों का कच्चा चिट्ठा, जो अक्सर सरकारी विज्ञापनों में नजर नहीं आतीं।

**दिल्ली के थानों में शिकायत का खेल**-आमतौर देखा जाता है कि थाने पहुंचो तो पहले इंतजार कराया जाता है और कहा जाता है कि अभी समय नहीं है, बाद में आओ। अगर पैरवीकार अड़ जाए, तो तुरंत सलाह मिलती है, ऑनलाइन कर दीजिए, आसान रहेगा। असल में यहीं से खेल शुरू होता है। ऑनलाइन शिकायत के नाम पर पीड़ित को ऐसी राह पर डाल दिया जाता है, जहां वह चाहकर भी अपनी बात सही धाराओं में दर्ज नहीं कर पाता। गंभीर मामला भी गुमशुदगी या हल्की धारा में सिमट जाता है। ऊपर से कानून और अदालत के चक्करों का डर अलग दिखाया जाता है। आखिरकार, थका-हारा फरियादी वही करता है जो उसे कहा जाता है। शिकायत तो दर्ज होती है, पर इस तरह कि न सच्चाई बचती है, न इंसाफ की उम्मीद।

**गलती का हिसाब**-किसी ने ठीक ही कहा हैज्गलती छुपाए नहीं छिपती। ताजा किस्सा परिवहन विभाग का है, जहां एक अधिकारी की चूक बड़े साहब की नजर में आ गई। ऊपर से तो चुप्पी रही, लेकिन अंदर ही अंदर अच्छी खिंचाई हो गई। अब गुस्सा कहीं तो उतरना था, सो निशाना बने संविदा पर काम करने वाले छोटे कर्मचारी। उन्हें बुलाया गया और दो लोगों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। वजह पूछी जाती, उससे पहले ही उनकी पुरानी गलतियों की फाइल खोल दी गई, ताकि फैसला जायज लगे। लेकिन मामला यहीं शांत नहीं हुआ। जिनके पास खोने को कम था, उन्होंने भी चुप रहने से इनकार कर दिया। फिर क्या था, उन्होंने भी उसी अधिकारी की गलतियों के पन्ने खोलने शुरू कर दिए। देखते ही देखते, छोटे से लेकर बड़े तक, सबकी परतें खुलने लगीं। अंत में यही साबित हुआ, गलती दबाने से नहीं दबती, बस मौका मिलते ही पूरे विभाग का आईना बन जाती है।




**आदेश बनाम हकीकत**-मानक पूरे न करने पर बिजली काटने के सख्त फरमान जारी हुए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी सुना रही है। ग्रेटर नोएडा के यूपीआईसीईजेड क्षेत्र में वाहन चार्जिंग केंद्रों की बिजली अर्थदंड जमा न होने पर कटवाई गई थी। कुछ दिन तक कार्रवाई का असर भी दिखा, बिजली गुल रही। फिर अचानक वही कनेक्शन कैसे जुड़ गए, इसका जवाब किसी के पास नहीं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी आदेशों का हवाला देकर सख्ती की बात करते हैं, तो बिजली कंपनी बिना लिखित निर्देश के कुछ करने से इनकार करती है। इन सबके बीच सबसे दिलचस्प बात ये है कि न तो शोधन संयंत्र लगे, न ही मानक पूरे हुए, लेकिन बिजली की आपूर्ति बिना रुकावट जारी है। कागजों में सख्ती, जमीन पर नरमी और आदेशों पर किसी ने चुपचाप पोंछा फेर दिया।

**मिलीभगत का बाजार**-पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार इलाके में दुकानदारों का पुलिस को लेकर तर्क भी कम दिलचस्प नहीं हैज्ना अगाड़ी चाहिए, ना पिछाड़ी, यही टोक है पहाड़ा। कौशांबी बस डिपो के सामने, दिल्ली सीमा में बस स्टैंड के पास सैकड़ों अवैध दुकानें लग रही हैं। नतीजा, सुबह से शाम तक जाम, राहगीरों को परेशानी। सवाल कि ये दुकानें किसके सहारे टिकी हैं, इसका जवाब खुद दुकानदार बेझिझक दे देते हैं उनकी जुबान पर सीधा सा फॉर्मूला हैज्रीढ़ पर कोतवाल तो डर कहां। यानी पुलिस से सांठगांठ हो जाए तो कानून भी किनारे खड़ा दिखता है। हां, महीने में एक-दो बार दिखावे की कार्रवाई जरूर होती है। दुकानें हटती हैं, सामान बिखरता है, और सिस्टम अपनी सक्रियता दिखा देता है। फिर कुछ ही समय में सब पहले जैसा। आखिर में दुकानदार भी यही पुराना निष्कर्ष सुनाते हैंज्किसी भी शहर की पुलिस के साथ ना अगाड़ी आगे चलो, ना पीछे, बस बीच में रहो, काम चलता रहेगा।

**नारी वंदन राजनीति**-महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने वाले नारी वंदन अधिनियम पर अब सियासत सड़कों पर उतर आई है। दिल्ली में बीते दिनों से धरना-प्रदर्शन का दौर जारी है। कहीं सत्ता पक्ष विपक्ष के दरवाजे पर तख्ती लेकर पहुंच रहा है, तो कहीं विपक्ष भाजपा दफ्तर के बाहर हंगामा कर रहा है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार खुद इस बिल को लेकर गंभीर नहीं है। हालात ऐसे हैं कि सत्ता पक्ष ही सदन में विपक्ष की भूमिका निभाता नजर आ रहा है। आरोप तो यहां तक लग रहे हैं कि नारी वंदन के नाम पर सिर्फ सियासी दिखावा किया जा रहा है। उधर, आम महिलाओं की राय इससे भी ज्यादा तीखी है। सरकार कोई भी हो, आधी आबादी को उनका पूरा हक देने में सबसे गोपनीय फांस न जाने कहां अटक ही जाती है।

**आधुनिकता का दिखावा**-दिल्ली और खासकर लुटियन दिल्ली में लाखों की लागत से लगे आधुनिक बस शेल्टर अब 'ढाक के तीन पात' साबित हो रहे हैं। बड़े दावे थे, रियल-टाइम बस जानकारी, रूट अपडेट, डिजिटल स्क्रीन, सीसीटीवी, सुरक्षा एप यानी इंतजार भी आधुनिक हो जाएगा। लेकिन हकीकत कुछ और ही निकली। बीते दिनों बस स्टॉप पर यात्री इन सुविधाओं के बाबत दिए गए बटन दबाते रहे और बदले में मिली शून्य जानकारी। न बस आने का समय, न रूट का सुराग, सिस्टम जैसे खुद ही छुट्टी पर चला गया हो। रियल-टाइम तो दूर, बेसिक जानकारी तक गायब। हद तब हुई जब घड़ी पर नजर गई। शाम के वक्त भी 12 बजे ही अटकी हुई थी। यानी समय भी यहां स्मार्ट बनने से इनकार कर चुका था। बस का इंतजार करते लोग बटन आजमाते रहे और स्मार्ट सिस्टम अपनी खामोशी से जवाब देता रहा।

## आज का राशिफल

### मेष
नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

### वृष
पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

### मिथुन
भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

### कर्क
दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### सिंह
किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

### कन्या
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

### तुला
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### वृश्चिक
यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

### धनु
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

### मकर
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### कुंभ
स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मीन
घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# अनार खाने से महिलाओं को मिलते हैं यह फायदे

अनार सेहत के लिए बहुत होते हैं। अनार एक सुपर हेल्दी फ्रूट है, जिसका सेवन करके बीमारियों से बचा जा सकता है। अनार पर हुई रिसर्च में ये बात सामने आ चुकी है इसमें पर्याप्त मात्रा में फाइबर, विटामिन के,सी, और बी, आयरन, पोटेशियम, जिंक और ओमेगा-6 फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये सभी पोषक तत्व सेहत, स्किन और बालों के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं।



खासकर जब बात महिलाओं की आती है तो उनके स्वास्थ्य के लिए रामबाण औषधि मानी जाती है। पीरियड्स प्रॉब्लम से लेकर प्रेगनेंसी के दौरान गर्भ में पलने वाले बच्चे को स्वस्थ बनाने के लिए महिलाओं को अनार का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

**प्रजनन क्षमता को बढ़ाता है अनार :** अनार एक ऐसा फल है जो महिलाओं में होने वाले प्रजनन विकार को ठीक करने में मदद करता है। अनार पर हुए शोध में ये बात सामने आई है कि यह ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करके प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। हेल्थ एक्सपर्ट का मानना है कि ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस अंडाणु को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे प्रजनन क्षमता कमजोर हो जाती है।

**यौन क्षमता को सुधारता है अनार :** उम्र ढलने के बाद यौन क्षमता कम होना बहुत ही आम बात है। खासकर महिलाओं में 40 के बाद ये समस्या ज्यादा देखी जाती है। अनार का सेवन करके यौन क्षमता को सुधारने में मदद मिलती है। महिलाएं अगर अनार या अनार के जूस का सेवन करें तो इससे उनके शरीर में टेस्टोस्टेरोन के स्तर को बढ़ाने में मदद मिलती है। शरीर में टेस्टोस्टेरोन का स्तर सही होने से यौन क्षमता सुधारने में मदद मिलती है।

**स्किन को बनाता है ग्लोइंग :** अनार के पोषक तत्व स्किन को हाइड्रेट रखने में मदद करते हैं। स्किन हाइड्रेट रहने से खुजली, दाग-धब्बे और ड्राइनेस से बचाव करने में मदद मिलती है। नियमित तौर पर अनार का सेवन करने से त्वचा में कोलेजन के स्तर को बनाए रखने में मदद मिलती है और चेहरे को लंबे समय तक हेल्दी रखने में मदद मिलती है।

**पाचन क्रिया को सुधारने में करता है मदद :** लाइफस्टाइल और गलत खानपान की वजह से आजकल महिलाओं में पाचन संबंधी समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। पाचन क्रिया को सुधारने में भी अनार काफी फायदेमंद साबित होता है। नियमित तौर पर अनार का सेवन करने से कब्ज, पेट में दर्द से राहत पाई जा सकती है।

**बालों को बनाता है घना और मजबूत :** अनार बालों को घना और मजबूत बनाने में भी मदद करता है। एनसीबीआई की एक रिसर्च में ये बात सामने आई है कि सप्ताह में 3 से 4 बार अनार का सेवन करने से स्कैल्प हेल्दी होते हैं और बालों का झड़ना, गिरना कम होता है।

# छाछ के साथ करें गुड़ का सेवन शरीर को मिलेंगे जबरदस्त फायदे

गर्मी के मौसम में लू से बचने और शरीर को ठंडक देने के लिए छाछ का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। छाछ में मौजूद गुण पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। छाछ में कई ऐसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं जो शरीर को एनर्जी देने और पोषण देने का काम करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि छाछ के साथ गुड़ का सेवन करने से आपको दोगुने फायदे मिलते हैं। गुड़ में मौजूद पोषक तत्व सेहत के लिए बहुत जरूरी होते हैं। गुड़ में शरीर के लिए उपयोगी पोषक तत्वों की पर्याप्त मात्रा होती है। गर्मियों के मौसम में छाछ के साथ गुड़ खाने से आपको कई बीमारियों में भी फायदा मिलता है।



**सर्दी-जुकाम में फायदेमंद :** सर्दी-जुकाम की समस्या में छाछ के साथ गुड़ का सेवन करने से बहुत फायदा मिलता है। छाछ और गुड़ में मौजूद पोषक तत्व और गुण इन्फेक्शन कम करने और सर्दी-जुकाम से छुटकारा दिलाने में बहुत फायदेमंद होते हैं। गुड़ में मिनरल्स, कैल्शियम, सेलेनियम, मैंगनीज, कॉपर जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में होते हैं।

**खून की कमी दूर करे :** शरीर में हीमोग्लोबिन या खून की कमी होने पर छाछ में गुड़ डालकर खाने से बहुत फायदा मिलता है। गुड़ में मिनरल्स और आयरन आदि की पर्याप्त मात्रा होती है, इसका सेवन करने से शरीर में खून की कमी दूर करने में बहुत फायदा मिलता है।

**पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद :** पाचन तंत्र को मजबूत बनाने और पाचन से जुडी समस्याओं को कम करने के लिए छाछ और गुड़ का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। गुड़ का सेवन लोग पुराने समय से ही खाना खाने के बाद पाचन ठीक करने के लिए करते आ रहे हैं।

**एसिडिटी में फायदेमंद :** एसिडिटी या पेट में गैस बनने की समस्या में भी छाछ और गुड़ का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। छाछ में मौजूद गुण पेट में एसिड कंट्रोल करने का काम करते हैं। गुड़ मिलाकर छाछ का सेवन करने से आपको एसिडिटी की समस्या में बहुत फायदा मिलता है।

**वजन कम करने में फायदेमंद :** वजन कम करने के लिए भी छाछ और गुड़ का सेवन बहुत उपयोगी होता है। इसका सेवन करने से आपकी भूख भी कंट्रोल होती है। रोजाना दोपहर या शाम में छाछ में गुड़ मिलाकर खाने से आपको वजन कम करने में फायदा मिलता है।

# चेहरे पर मुंहासे होने पर लगाएं ये होममेड फेस पैक, दूर होगी समस्या

खानपान के कारण आजकल मुंहासों की समस्या बहुत आम हो गई है। मुंहासे किसी भी उम्र के लोगों को परेशान कर सकते हैं। मुंहासों की समस्या ऑयली स्किन वालों को ज्यादा परेशान करती है। बहुत से लोग सोचते हैं कि ज्यादा तला-भुना खाने से ये समस्या होती है। असल मायनों में मुंहासों की समस्या स्किन पर तेल ज्यादा बनना के कारण होती है। मुंहासे चेहरे की खूबसूरती में दाग लगाने का काम करते हैं। इस समस्या से राहत पाने के लिए लोग कई तरह की क्रीम और ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि बाजार में मिलने वाली ये चीजें कुछ ही वक्त तक राहत दिलाती हैं।



### कच्ची हल्दी और शहद फेस पैक

- मुंहासों की समस्या से राहत दिलाने के लिए कच्ची हल्दी और शहद का फेस पैक बहुत फायदेमंद माना जाता है।
- इस फेस पैक को बनाने के लिए एक कटोरी में 1 टुकड़ा कच्ची हल्दी का लें, इसमें 1 चम्मच शहद मिलाएं।
- अब दोनों चीजों को ग्राइंड कर लें। पेस्ट अगर ज्यादा गाढ़ा लगता है तो इसमें थोड़ा सा गुलाब जल डालें।
- चेहरे को पानी से क्लीन करने के बाद कच्ची हल्दी और शहद का फेस पैक लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें।
- जब फेस पैक सूख जाए तो चेहरे को पानी से क्लीन करें और मॉइश्चराइजर लगाएं। आप सप्ताह में 2 बार इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### टमाटर और शहद का फेस पैक

- इस फेस पैक को बनाने के लिए कटोरी में एक टमाटर का गूदा निकाल लें।
- टमाटर के गूदे में 1 चम्मच शहद को मिलाकर एक स्मूथ पेस्ट तैयार करें।
- चेहरे को पानी से धोने के बाद टमाटर और शहद का फेस पैक लगाकर 10 से 15 मिनट के लिए छोड़ दें।
- फेस पैक के सूखने के बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धोएं।
- टमाटर और शहद के फेस पैक का इस्तेमाल करने के बाद कम से कम 12 घंटे तक धूप और धूल-मिट्टी के संपर्क में आने से बचें।

### एप्पल साइडर विनेगर और ग्रीन टी फेस पैक

- इस फेस पैक को बनाने के लिए एक कटोरी में 2 चम्मच एप्पल साइडर विनेगर लें।
- एप्पल साइडर विनेगर में 2 चम्मच शहद और 2 से 3 चम्मच ग्रीन टी डालकर पेस्ट बनाएं।
- आपका ग्रीन टी और एप्पल साइडर विनेगर का फेस पैक तैयार हो चुका है। अब चेहरे को पानी और फेस वॉश से क्लीन करें।
- चेहरे पर ग्रीन टी और एप्पल साइडर विनेगर फेस पैक 10 मिनट तक लगा रहने दें।
- फेस पैक सूख जाए तो चेहरे को पानी से धो लें। आप सप्ताह में 1 से 3 बार इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### कॉफी और ग्लिसरीन का फेस पैक

- एक कटोरी में 2 चम्मच कॉफी पाउडर निकाल लें और इसमें 1 चम्मच ग्लिसरीन डालकर पेस्ट बनाएं।
- जब ग्लिसरीन और कॉफी का पेस्ट अच्छी तरह से तैयार हो जाए तो इसमें 1 से 2 बूंद बादाम तेल की मिलाएं।
- अब चेहरे को क्लींजर और टोनर से क्लीन करने के बाद तैयार किए गए फेस पैक को लगाएं।
- थोड़ी देर फेस पैक लगाने के बाद चेहरे को नॉर्मल पानी और फेस वॉश से धो लें।
- मुंहासों से राहत पाने के लिए आप सप्ताह में 4 से 5 बार ग्लिसरीन और कॉफी के फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# विजय द्वार पर गूंजा सड़क सुरक्षा का संदेश

## चालान नहीं समझाइश से सुधरेगा यातायात



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी की सड़कों को सुरक्षित बनाने और दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए जयपुर पुलिस अब सख्ती के बजाय संवाद का सहारा ले रही है। इसी कड़ी में सोमवार को वैशाली नगर स्थित विजय द्वार चौराहे पर एक विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया।

### छात्रों और स्वयंसेवकों ने संभाली कमान

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देशों पर आयोजित इस अभियान में ट्रैफिक पुलिस के साथ मुस्कान फाउंडेशन और बॉश इंडिया फाउंडेशन ने भागीदारी की। अभियान की खास बात यह रही कि राजस्थान स्वायत्त शासन पीजी महाविद्यालय के करीब 10-15 छात्रों और मुस्कान स्वयंसेवकों ने सड़क पर उतरकर वाहन चालकों से सीधा संवाद किया।

### यमराज से बहस नहीं कर पाओगे

पुलिस उपायुक्त यातायात योगेश गोयल ने बताया कि टीम ने सड़क उपयोगकर्ताओं को चालान का डर दिखाने के बजाय व्यवहार में सुधार लाने की समझाइश दी । इस दौरान हैलमेट न पहनने पर आप ट्रैफिक पुलिस से बहस कर सकते हो, यमराज से नहीं और सुरक्षा सिर की, खुशहाली घर की जैसे प्रेरणादायक स्लोगन वाली तख्तियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

### इन नियमों पर रहा विशेष जोर

दुपहिया वाहन चालकों को मानक हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया। जेब्रा क्रॉसिंग का सम्मान करने और पैदल चलने वालों की सुरक्षा पर जोर दिया गया। ओवरस्पीडिंग और वाहन चलाते समय मोबाइल के प्रयोग से होने वाले खतरों के प्रति आगाह किया गया। अभियान के दौरान पुलिस उपायुक्त यातायात योगेश गोयल ने बताया कि पुलिस का लक्ष्य आमजन को सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है। मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त पश्चिम रोहित चावला और पुलिस निरीक्षक रामकृपाल मीणा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# आईपीएल टिकट के नाम पर साइबर ठगी से सावधान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आईपीएल 2026 सीजन के दौरान टिकटों की भारी मांग को देखते हुए साइबर अपराधियों की सक्रियता बढ़ गई है। ऐसे में राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन, विशेष रूप से क्रिकेट प्रेमियों को सतर्क रहने के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम वीके सिंह के निर्देशों पर जारी इस एडवाइजरी में ठगी के नए तरीकों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम शान्तनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी लोगों की उत्सुकता और जल्दबाजी का फायदा उठाकर उनकी मेहनत की कमाई हड़प रहे हैं। उन्होंने बताया कि अपराधी फिशिंग और क्लोन वेबसाइट्स के जरिए असली टिकट बुकिंग साइट्स की नकल तैयार करते हैं, जिनमें मामूली बदलाव कर लोगों को भ्रमित किया जाता है। इन फर्जी वेबसाइट्स पर कार्ड डिटेल डालते ही बैंक खाते से रकम निकल जाती है। इसके अलावा सर्च इंजन विज्ञापनों के जरिए भी ठगी की जा रही है। गूगल पर सर्च करने पर सबसे ऊपर दिखने वाले कुछ विज्ञापन फर्जी वेबसाइट्स के होते हैं, जिन पर क्लिक करने से उपभोक्ता ठगी का शिकार हो सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक और टेलीग्राम पर रीआईपी पास या कन्फर्म टिकट के नाम पर लुभावने ऑफर देकर भी लोगों को फंसाया जा रहा है। पुलिस ने चेताया है कि भुगतान के बाद ठग व्हाट्सएप पर नकली क्यूआर कोड या ई-टिकट भेज देते हैं, जो स्टेडियम पर स्कैन नहीं होते। साथ ही सिर्फ 2 टिकट बचे हैं या सीमित समय का ऑफर जैसे संदेश देकर तुरंत भुगतान के लिए दबाव बनाया जाता है। पुलिस ने सलाह दी है कि टिकट केवल आधिकारिक वेबसाइट या अधिकृत प्लेटफॉर्म से ही खरीदें। भुगतान से पहले वेबसाइट के यूआरएल और सही स्पेलिंग की जांच करें। किसी भी संदिग्ध या अत्यधिक सस्ते ऑफर से बचें और सुरक्षित पेमेंट गेटवे का उपयोग करें। राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सतर्कता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा उपाय हैए इसलिए किसी भी ऑनलाइन लेनदेन में पूरी सावधानी बरतें।

# 3 स्काउट्स एवं 8 गाइड्स का राष्ट्रपति अवार्ड प्रशिक्षण के लिए चयन



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ अजीतगढ़ के सचिव रामावतार शर्मा से मिली जानकारी के अनुसार 3 स्काउट्स एवं 8 गाइड्स का राष्ट्रपति अवार्ड प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानगढ़ से 8 गाइड्स एवं 1 स्काउट का, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टटेरा से एक स्काउट एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुगराजपुरा से एक स्काउट का चयन किया गया है। स्काउट्स का प्रशिक्षण राज्य प्रशिक्षण केन्द्र माउंट आबू में तथा गाइड्स का प्रशिक्षण राज्य प्रशिक्षण केन्द्र बीकानेर में चल रहा है।

# आध्यात्मिक विरासत संग्रहालय : आत्म-जागृति का नया केंद्र बना जयपुर

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से आध्यात्मिक विरासत संग्रहालय को नए, भव्य और आधुनिक स्वरूप में समाज को पुन: समर्पित किया गया। इस अवसर पर बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित आध्यात्मिक विरासत समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया। समारोह में ब्रह्माकुमारीज की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बी.के. जयंती दीदी ने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक अशांति और तनाव का समाधान केवल आध्यात्मिक जीवनशैली और आत्मिक जागरूकता में निहित है। उन्होंने कहा कि श्आध्यात्मिक विरासत संग्रहालय व्यक्ति को स्वयं से जोड़ने और जीवन को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने राजयोग ध्यान अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक प्रयास समाज को सही दिशा देते हैं। पूर्व अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष जसबीर सिंह ने संग्रहालय को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। महासचिव राजयोगी करुणा भाई ने संस्थान की वैश्विक सेवाओं पर प्रकाश डाला। जोनल हेड राजयोगिनी बी.के. सुषमा दीदी ने इसे आत्म-जागृति का माध्यम बताया, जबकि धार्मिक प्रभाग की अध्यक्षा बी.के. मनोरमा दीदी ने ऐसे आयोजनों को आध्यात्मिक पुनर्जागरण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। सेवाकेंद्र प्रभारी बी.के. चंद्रकला दीदी ने बताया कि संग्रहालय लगभग 45म60 वर्ग फुट क्षेत्र में विकसित किया गया है, जिसमें आधुनिक तकनीक के माध्यम से ब्रह्माकुमारी संस्थान के इतिहास, आध्यात्मिक ज्ञान और मूल्यों को प्रदर्शित किया गया है। इसमें मेडिटेशन रूमए आध्यात्मिक मॉडल और प्रेरणादायक झांकियां शामिल हैं, जो आगंतुकों को सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कराती हैं। संग्रहालय की शुरुआत वर्ष 1967 में प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की प्रेरणा से हुई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। समारोह के अंत में अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट की गई और प्रसाद वितरित किया गया।

# टेंडर में 25, वास्तव में चलते मिले 10 ट्रेक्टर



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त व तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक ने शहर का दौरा कर सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आयुक्त पारीक नया बाजार चौक में सवेरे साढ़े 5 बजे पहुंच गए। इस दौरान आयुक्त पारीक को 29 सफाईकर्मी अनुपस्थित मिले। जिस पर उन्होंने संबंधित सफाई कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए। साथ ही उन्होंने जमादारों को शहर में जगह-जगह लगे कचरे के ढेर हटाने के निर्देश दिए। कार्यवाहक आयुक्त के अचानक निरीक्षण व लगातार कर्मचारियों को दिए जा रहे नोटिस से नगरपरिषद के कार्मिकों में हड़कंप मच रखा है। इसके अलावा आयुक्त ग्रीन स्पेस पार्क पहुंचे, जहां पर कचरा संग्रहण के लिए लगे ट्रैक्टर की जांच कर सूची मांगी। जिस पर ठेकेदार 10 ट्रैक्टरों की सूची ही आयुक्त के सामने पेश कर पाए। जबकि वर्तमान में 25 ट्रैक्टरों का टेंडर किया हुआ है। इससे समझा जा सकता है कि शहर की सफाई व्यवस्था रामभरोसे ही चल रही है। इसके अलावा आयुक्त ने ठेकेदार से पूछा कि क्या रोज 100 फेरे डंपिंग यार्ड के ट्रैक्टर द्वारा लगा लिए जाते हैं, जिस पर ठेकेदार ने अनभिज्ञता जताई। इसके अलावा ठेकेदार को ट्रैक्टर पर कवर से कचरा ढककर लाने के लिए पाबंद किया गया। इस मौके पर आयुक्त के साथ सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश, राजस्व अधिकारी मुन्नालाल मीणा भी मौजूद रहे।

# जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राउ प्राथमिक विद्यालय, सिमसिया पुरोहितान में पर्यावरण प्रेमी अमर सिंह किशनावत एवं मनीषा चारण के सौजन्य से जरूरतमंद 20 विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र कुमार एचरा ने की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने बताया कि शिक्षक दंपति के सहयोग से विद्यालय में मिनी स्टेशनरी बैंक की शुरुआत की गई है, जिसके माध्यम से जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में विद्यालय परिवार ने शिक्षक दंपति का आभार व्यक्त किया।

# जेईएन भर्ती पेपर लीक : एसओजी के हत्थे चढ़ा एक और मास्टरमाइंड

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप ने कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ अभियंता जेईएन संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020 के पेपर लीक मामले में गिरोह के एक सक्रिय सदस्य भीम सिंह को गिरफ्तार किया है। जो अभ्यर्थियों को टैबलेट पर पेपर पढ़वाकर लाखों की वसूली करता था। फिलहाल एसओजी की टीम आरोपित से पूछताछ कर रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि कनिष्ठ अभियंता संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020 के पेपर लीक मामले में गिरोह के एक सक्रिय सदस्य भीम सिंह निवासी धीरपुर अलवर हाल बानसूर जिला कोटपुतली-बहरोड़ को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने आरपीएफ से वीआरएस लेने के बाद बानसूर में कोचिंग और जयपुर में ऑनलाइन कंप्यूटर लैब का संचालन कर रखा था। जांच में सामने आया है कि यह गिरोह प्रश्नपत्र लीक करने के बाद उसे अभ्यर्थियों को पढ़ाने के लिए सैमसंग टैबलेट और एप्पल आईपैड जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करता था। आरोपी भीम सिंह ने गिरफ्तारी से बचने के लिए प्रयुक्त टैबलेट अपनी पुत्री को दे दिया था। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी भीम सिंह और उसका साथी भूपेन्द्र सारण जो पूर्व में आरपीएफ में साथ थे मिलकर अभ्यर्थियों से प्रति पेपर 25 से 30 लाख रुपए वसूलते थे। यह राशि गैंग के सदस्यों में बांट दी जाती थी। आरोपी मोबाइल के बजाय टैबलेट का उपयोग करता था ताकि एक साथ कई अभ्यर्थियों को पेपर पढ़ाया जा सके। आरोपी भीम सिंह का पेपर लीक से पुराना नाता रहा है। वह पूर्व में भी कनिष्ठ अभियंता भर्ती-2020, सीएचओ भर्ती-2020, राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती-2022 और हाईकोर्ट एलडीसी भर्ती जैसी प्रमुख परीक्षाओं के पेपर लीक प्रकरणों में शामिल रह चुका है और गिरफ्तार भी हुआ है। एसओजी अब तक इस गिरोह के सरगना जगदीश बिश्नोई, गणपत मालवाड़ा, अनिल उर्फ शेर सिंह मीणा, भूपेन्द्र सारण, गणपत लाल और सुरेश को गिरफ्तार कर चुकी है। अब मुख्य फोकस इस बात पर है कि प्रश्न पत्र किस स्रोत से लीक हुआ और इसमें और कौन-कौन शामिल हैं।

# खुले चैंबर दे रहे है बड़े हादसे को निमंत्रण

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर नगर पालिका की लापरवाही के चलते कस्बे के मुख्य मार्ग आदर्श विद्या मंदिर से रेलवे अंडर ब्रिज तक 12 महीने से खुले चैंबर पड़े हुए हैं जो की अनेक बार बड़े हादसे को निमंत्रण देते हुए टल रहा है। शायद नगर पालिका इसी का इंतजार कर रही होगी। वार्ड के प्रमुख भरत कुमार, रामनिवास प्रजापत, संदीप सिंह, अर्जुन चारण, नवरत्न नाई, सुमेरमल प्रजापत, बनवारी जाट सहित युवाओं ने बताया नगर पालिका को बार-बार अवगत कराने के बावजूद किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ये कस्बे का मुख्य मार्ग है। इस रास्ते से राजलदेसर एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों के सैकड़ों वाहन एवं विद्यालय में पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों को इस रास्ते से गुजरना पड़ता है।

परिवारजन डरे डरे हुए अपने बच्चों को भेजते हैं साथ ही वाहन चालक भी अनेक बार चोटिल भी हो चुके हैं, कुछ दिन पहले इस मार्ग पर एक छोटी गाड़ी भी दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी थी जिस पर लाखों रुपए का नुकसान भी हुआ। उसके बावजूद भी नगर पालिका द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है वही रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे हमेशा नालियों का पानी बहता रहता है जिससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। लेकिन किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं होना वार्ड के लोगों के लिए निराशाजनक है। वही पूर्व में लाल भवन स्कूल के सामने करीबन 6 महीने से फेरो कवर टूटा हुआ है जिसके चलते अनेक छोटे वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं एवं यहां पर बस ड्राइवर द्वारा बस खड़ी की जाती है। राजपाल सारण ने बताया आए दिन अनेक बार विशेष कर छोटे वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते हैं साथ ही अधिकांश गौवंश भी इस नाले में गिरते हैं। नगर पालिका प्रशासन द्वारा जिस तरह से इस महत्वपूर्ण समस्या को नजर अंदाज किया जा रहा है शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। इसी प्रकार कस्बे के अन्य वार्डों की भी यही हालत है जहां भी जगह-जगह चैंबर टूटे हुए दिखाई दे रहे हैं।

# आपसी सौहार्द और एकता की मिसाल है राजस्थान : खत्री



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** रविवार को मकराना विधायक जाकिर हुसैन गैसावत के परिवार में आयोजित भव्य रिसेप्शन समारोह में देशभर की राजनीतिक और उद्योग जगत की कई हस्तियों की उपस्थिति देखने को मिली। यह आयोजन डीडवाना-कुचामन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के भतीजे फरीन व समीर गैसावत के विवाह उपलक्ष्य में मकराना के हसीना गार्डन में रखा गया। समारोह में देशभर से पहुंचे विशिष्ट अतिथियों ने नवविवाहित दंपत्ति को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया। समारोह में आपसी सौहार्द और राजनीतिक एकजुटता की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर डीयू पूर्व अध्यक्ष रौनक खत्री ने राजस्थान के भाईचारे और आपसी सांप्रदायिक सौहार्द की प्रशंसा करते हुए युवाओं से इस संस्कृति को बनाए रखने की अपील की। एनएसयूआई नागौर जिला अध्यक्ष समीर खान टीम के नेतृत्व में खत्री का राजस्थान के मार्बल नगरी पधारने पर साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, पूर्व सीएम अशोक गहलोत, कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, लाडनूं विधायक मुकेश भाकर, दिल्ली यूनिवर्सिटी पूर्व अध्यक्ष रौनक खत्री, राजस्थान यूनिवर्सिटी पूर्व अध्यक्ष निर्मल चौधरी, एनएसयूआई नागौर जिला अध्यक्ष समीर खान, मदरसा बोर्ड पूर्व अध्यक्ष एमडी चोपदार, महासचिव अब्दुल वहीद लीलगर, जिला उपाध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ तालीम सिसोदिया, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष डीडवाना रामनिवास गोयल सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की।



# अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस स्कूल में कक्षा 10वीं व 12वीं की टेस्ट सीरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रिंस एजुहब मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रिंसिपल विकास केडिया, सीमा राजपुरोहित व फैकल्टी मेंबर्स ने टॉप रैंकर्स को मेडल, प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

सेमिनार में मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बेहतर एकेडमिक्स के लिए सिलेबस बेस्ड रेगुलर सेल्फ स्टडी, प्रॉपर रिवीजन व टेस्ट सीरीज के साथ ही सेल्फ एनालिसिस अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में एकेडमिक हेड सुरेश सिंघल, कोर्डिनेटर महेंद्र बिजारणियां, उर्मिला शर्मा सहित समस्त स्टाफ मेंबर्स व हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गाल की चमडी से बनाई पेशाब की नली से मरीज को दिलाई समस्या से निजात

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** लालकोठी स्थित एसआरके ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने 40 वर्षीय पुरूष मरीज के गाल की चमड़ी से उसकी पेशाब नली का निर्माण कर उसे पेशाब की समस्या से निजात दिलाने में सफलता हासिल की है। दरअसल डायग्नोसिस में सामने आया कि मरीज के पेशाब के रास्ते में 7 से 8 सेमी. दूरी तक नली सिकुड़ी हुई थी, जिसके चलते पेशाब की कमजोर धार, बार-बार पेशाब आना, इनफेक्शन, पेट दर्द जैसी समस्याओं से मरीज जूझ रहा था। इसके बाद सीनीयर यूरोलॉजिस्ट डॉ राकेश शर्मा के निर्देशन में यूरोलॉजिस्ट डॉ रोहित सोनी समेत अन्य चिकित्सकों की टीम ने मिलकर मरीज का बीएमजी (बकल म्यूकोजल ग्राफ) यूरोथ्रोप्लास्टी प्लान किया। डॉ शर्मा ने बताया कि बीएमजी मूत्रमार्ग के संकुचन के इलाज के लिए की जाने वाली प्रमुख सर्जिकल प्रक्रिया है, इसमें मरीज के गाल की अंदर की ओर से चमड़ी लेकर पेशाब की नई नली का निर्माण किया गया एवं प्रभावित इलाके में इसे लगाकर सिकुड़न की समस्या को ठीक किया गया। उन्होंने बताया कि 7 से 8 सेमी. की रूकावट होने के कारण ऑपरेशन जटिल था, ऐसे में करीब तीन घंटे तक का समय लगा एवं एक्सपर्ट चिकित्सकों की टीम एवं अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं के चलते यह ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा। उन्होंने बताया कि मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया एवं उसकी पेशाब संबंधित कोई भी समस्या नहीं है।

# तंग रास्ता होने से कार बाइक से टकराई, पति-पत्नी घायल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मालपुरा गेट थाना इलाके में तंग रास्ते से गुजर रहीं तेज रफ्तार कार तीन बाइकों को टक्कर मारते हुए आगे निकल गई। इस हादसे में पति-पत्नी घायल हो गए। व्यापारियों और राहगीरों ने कार सवारों को रोक कर विरोध किया तो कार सवार बदमाश मारपीट पर उतर आए। जिसके बाद वो तेज रफ्तार कार दौड़ा कर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामला दर्ज कर कार सवार बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है। थानाधिकारी उदयभान यादव ने बताया कि सांगानेर के बाजार का रास्ता काफी सकड़ा और यहा आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शनिवार देर शाम दुकानों के बाहर खड़ी दो-तीन बाइक कार से थोड़ा टच हो गई। जिसका विरोध करने पर कार सवार युवकों ने पति-पत्नी के साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गए। वीडिओ क्लिपिंग के आधार पर कार सवार युवकों की तलाश की जा रहीं है। गौरतलब है कि सांगानेर स्थित गोविन्द विहार निवासी जोगेन्द्र सहित अन्य लोगों ने मामला दर्ज कराया है। पीड़ित जोगेंद्र का आरोप है कि शनिवार शाम करीब साढ़े 7 बजे वह इंडिया गेट के शताब्दी नगर स्थित मार्केट में किसी काम से गए थे। मार्केट में एक घुमाव पर स्विफ्ट कार की वजह से जाम लगा हुआ था।

लोगों ने टोका तो युवक कार से उतरकर लाठी-डंडे निकालकर धमकाने लगे। इसके बाद मारपीट कर भाग गए।

# सेंसिटिव स्किन के लिए बेस्ट हैं यह होममेड फेस स्क्रब, आप भी जरूर करें ट्राई

सेंसिटिव स्किन वाले लोगों को अपनी त्वचा की देखभाल के लिए बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। ऐसे लोगों की स्किन आमतौर पर बाहरी केमिकल से अधिक प्रभावित होती है और उन्हें अपनी स्किन के लिए सही चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए। सेंसिटिव स्किन वाले लोगों को कुछ चीजों का इस्तेमाल करने से परेशानी हो सकती है, स्किन केयर रूटीन में ऐसी चीजों को शामिल करने से आपको पिंपल्स, मुंहासे, दाग-धब्बे और एलर्जी आदि की समस्या हो सकती है। सेंसिटिव स्किन वाले लोग अक्सर अपने स्किन केयर प्रोडक्ट्स को लेकर कंफ्यूज रहते हैं।



## सेंसिटिव स्किन के लिए होममेड फेस स्क्रब

सेंसिटिव स्किन के लिए बेस्ट होममेड फेस स्क्रब तैयार करना बहुत ही आसान होता है। इसके लिए आप अपने घर में मौजूद सामान से फेस स्क्रब बना सकते हैं जो आपकी सेंसिटिव स्किन के लिए सही होता है। सेंसिटिव स्किन के लिए बनाया गया होममेड फेस स्क्रब आपकी त्वचा को साफ और हेल्दी रखने में मदद करता है।

## नींबू, शहद और चीनी

आप घर में आसानी से नींबू, चीनी और शहद से फेस स्क्रब तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आप 1 चम्मच नींबू का रस लें, 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच बारीक चीनी के साथ इसे मिक्स कर लें। इन चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करके चेहरे पर लगाएं। स्क्रब करने के बाद चेहरे को पानी से धो लें। इसके बाद चेहरे पर गुलाबजल लगाएं। ऐसा करने से आपकी स्किन हेल्दी और ग्लोइंग बनेगी।

## बादाम और शहद का फेस स्क्रब

बादाम और शहद से बने फेस स्क्रब का इस्तेमाल सेंसिटिव स्किन वाले लोगों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसे बनाने के लिए आप बादाम को पानी में भिगो दें। दो से तीन घंटे तक पानी में रहने के बाद इसे निकाल लें और इसका चूरा बना लें। अब इस चूरे में 2 से 3 चम्मच शहद मिला लें और अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब इस फेस स्क्रब को चेहरे पर अच्छे से लगाएं। इसके बाद चेहरे को साफ कर लें।

## सोयाबीन फेस स्क्रब

सोयाबीन की बड़ियों से बने फेस स्क्रब का इस्तेमाल भी सेंसिटिव स्किन वाले लोगों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसे तैयार करने के लिए सोयाबीन की बड़ियों को अच्छी तरह से पीस लें। इसके बाद इसमें नारियल तेल मिलाकर कुछ देर के लिए रख दें। 15 मिनट बाद इसे मिक्स करके चेहरे पर स्क्रब करें। इसका इस्तेमाल करने से आपकी स्किन बेदाग और हेल्दी होती है।

## कच्चे दूध और चावल का फेस स्क्रब

कच्चे दूध और चावल से बने फेस स्क्रब का इस्तेमाल भी सेंसिटिव स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल करने से आपकी स्किन पर मौजूद दाग-धब्बे और मुहांसों को दूर करने में फायदा मिलता है। आप नियमित रूप से इसका इस्तेमाल कर कई गंभीर समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं। इस स्क्रब को बनाने के लिए 4 चम्मच दूध 1/2 चम्मच चावल के आटा को मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण से चेहरे पर हल्के हाथ से मसाज करें। 5 मिनट के बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से वॉश करें।

# स्किन केयर में पॉपुलर हो रहे हैं कई एसिड, अपनी स्किन के लिए सही एसिड का चुनाव करें

इन दिनों स्किन केयर में कई तरह के एसिड्स पॉपुलर हो रहे हैं। आपने भी इंटरनेट या टीवी एड्स में इनके नाम सुने होंगे, जैसे- हाइलूरोनिक एसिड, कोजिक एसिड, ग्लाइकोलिक एसिड, सैलिसिलिक एसिड आदि। स्किन को ब्राइट बनाने के लिए इन स्किन केयर एसिड्स का प्रयोग फायदेमंद है लेकिन अभी एसिड को लेकर लोगों में कई तरह की भ्रांतियां हैं। कई लोगों का मानना है कि इन एसिड के प्रयोग से स्किन खराब हो सकती है और ये स्किन के लिए सही नहीं हैं। लेकिन आजकल डर्मेटोलॉजिस्ट भी हाइपरपिग्मेंटेशन को दूर करने या स्किन को चमकदार बनाने के लिए इन एसिड्स का काफी उपयोग कर रहे हैं।



## स्किन केयर एसिड के प्रकार

स्किन केयर एसिड मुख्यत: दो प्रकार के होते हैं- अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड और बीटा हाइड्रॉक्सी एसिड। दोनों ही एसिड एक्सफोलिएटर के रूप में कार्य करते हैं। ये स्किन को गहराई से साफ करते हैं और स्किन को हेल्दी बना सकते हैं। ज्यादातर सकिन प्रोडक्ट में ग्लाइकोलिक और सैलिसिलिक एसिड होते हैं, जो स्किन को ब्राइट बनाने का काम करते हैं।

## ग्लाइकोलिक एसिड

ग्लाइकोलिक एसिड स्किन की देखभाल करने वाला सबसे आम अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड है। ये आमतौर पर गन्ने से प्राप्त होता है। ये स्किन को एक्सफोलिएट करके फाइन लाइंस, झुर्रियों और काले धब्बों को कम करने में मदद करता है। ये बढ़ती उम्र के लोगों के लिए अधिक फायदेमंद होता है।

## सैलिसिलिक एसिड

सैलिसिलिक एसिड एक बीटा हाइड्रॉक्सी एसिड है। इसमें कॉमेडोलिटिक (ब्लैकहेड्स हटाने) गुण होते हैं, जो पोर्स की गहराई तक सफाई करता है। साथ ही ये स्किन के डेड सेल्स को हटाने का काम भी बखूबी करता है। इसलिए इसका इस्तेमाल मुहांसे और ब्लैकहेड्स के इलाज में बहुत प्रभावी होता है। ऑयली और एक्ने स्किन के लिए ये सूटेबल हो सकता है।

## एजेलिक एसिड

एजेलिक एसिड एक सेचुरेटेड डाइकारबॉक्सिलिक एसिड है, जो स्वाभाविक रूप से आपकी स्किन में होता है। ये गेंहू, राई और जौ में भी पाया जाता है और स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। ये पिगमेंटिड स्किन के लिए उपयुक्त हो सकता है।

## मैंडेलिक एसिड

मैंडेलिक एसिड एक अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड है, जो मुहांसों, मेलाज्मा, झुर्रियों और हाइपरपिग्मेंटेशन के इलाज में काम आता है। इसके प्रयोग से स्किन की इलास्टिसिटी बढ़ती है। ये स्किन में प्रवेश करने में समय लेता है लेकिन सेंसिटिव स्किन के लिए वरदार है। ये स्किन के सीबम के उत्पादन को बढ़ाकर इसे मॉइस्चराइज रखता है।

## लैक्टिक एसिड

लैक्टिक एसिड भी एक अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड है और लाइट एक्सफोलिएटर है। ये एसिड आमतौर पर दूध में पाया जाता है। इसलिए प्राचीन समय में लोग मिल्की बाथ लेना पसंद करते थे।

# हेल्दी ब्रेकफास्ट है दूध पोहा, खाने से सेहत को मिलते हैं यह फायदे

हेल्दी ब्रेकफास्ट से दिन की शुरुआत करके आप अपने पूरे दिन को बेहतर बना सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट का मानना है कि ब्रेकफास्ट न सिर्फ आपकी अच्छी सेहत के लिए जरूरी होता है, बल्कि पूरा दिन शरीर को एनर्जी दिलाने में भी मदद करता है। हालांकि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच लोग अपने पूरे दिन के सबसे खास मील ब्रेकफास्ट को ही स्किप कर देते हैं। ब्रेकफास्ट स्किप करने की वजह से न सिर्फ पेट में दर्द, गैस और ब्लोटिंग जैस समस्या होती है, बल्कि यह कई हेल्थ प्रॉब्लम का भी कारण बन सकता है।





## हड्डियों को बनाता है मजबूत

दूध और पोहा में कैल्शियम होता है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाने में मदद करता है। साथ ही, यह प्रोटीन, फाइबर और कई आवश्यक मैक्रोन्यूट्रिएंट्स का भी अच्छा सोर्स है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करती है।

## पाचन को बनाता है हेल्दी

दूध और पोहा में प्रोबायोटिक पाया जाता है, जो आंत के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। इसका सेवन करने से पेट में दर्द, गैस, कब्ज और उल्टी जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है। जिन लोगों को पेट से संबंधी समस्याएं ज्यादा रहती हैं उन्हें सप्ताह में 2 से 3 बार दूध और पोहे का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

## वेट लॉस में है मददगार

दूध और पोहे में पर्याप्त मात्रा में फाइबर और प्रोटीन पाया जाता है। फाइबर का अच्छा सोर्स होने की वजह से दूध और पोहा वेट लॉस में मददगार साबित होता है। दरअसल, नाश्ते में फाइबर युक्त चीजों का सेवन करने से पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है, जिससे भूख को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। जाहिर सी बात है जब भूख कंट्रोल में रहेगी, तो आप एक्स्ट्रा फैट भरी चीजें खाने से बचेंगे।

## एनीमिया से लड़ने में मददगार

दूध और पोहा आयरन और विटामिन बी से भरपूर होता है। अगर आप दूध और पोहे का सेवन करते हैं, तो यह शरीर में आयरन की कमी को पूरा करने में मदद करता है। जानकारी के लिए बता दें कि आयरन की कमी होने की वजह से एनीमिया नामक बीमारी होती है।

## नाश्ते के लिए दूध-पोहा कैसे बनाएं?

- नाश्ते में दूध और पोहा का सेवन करने के लिए एक बाउल में दूध को गर्म कर लें।
- गर्म दूध में अपनी सुविधा के अनुसार पोहा डालें और 5-10 मिनट के लिए छोड़ दें।
- जब दूध में पोहा पूरी तरह से फूल जाए, तो इसमें थोड़ा सा शहद डालकर मिलाएं।
- नाश्ते के लिए आपके दूध और पोहा तैयार हो चुका है।

# सुबह खाली पेट केला और दही खाने से सेहत को मिलेंगे कई फायदे

केला और दही, दोनों का सेवन सेहत के लिए बहुत लाभकारी होता है। आमतौर पर लोग दोनों का सेवन करते तो हैं, लेकिन अलग-अलग। लेकिन क्या आप जानते हैं, अगर आप दोनों का साथ में सेवन करें, तो यह कॉम्बिनेशन सेहत के लिए बहुत लाभकारी साबित हो सकता है। खासकर, अगर आप सुबह खाली पेट इसका सेवन करते हैं, इससे सेहत को अद्भुत फायदे मिल सकते हैं। केला पोषण का खजाना है, इसमें डाइट्री फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटेशियम और कई विटामिन मौजूद होते हैं। वहीं, दही एक बेहतरीन प्रोबायोटिक है। यह आंत में अच्छे बैक्टीरिया के संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, हेल्दी फैट्स और कई अन्य जरूरी पोषक तत्व भी प्रचुर मात्रा में होते हैं। जब आप सुबह खाली पेट दोनों का साथ में सेवन करते हैं, तो इससे सेहत को कई फायदे मिल सकते हैं।

**पाचन स्वास्थ्य मजबूत बनाए :** जिन लोगों को पेट से जुड़ी समस्याएं जैसे गैस, कब्ज आदि की समस्या रहती है, अगर वे



दिन की शुरुआत दही और केला से करें, तो इससे उनकी समस्या दूर हो सकती है।

**शरीर को बनाए मजबूत :** शारीरिक कमजोरी को दूर करने में यह कॉम्बिनेशन बहुत लाभकारी है। यह शरीर को भीतर से मजबूत बनाता है और वजन बढ़ाने में भी मदद करता है। जिन लोगों का वजन नहीं बढ़ता है, अगर वे इसका रोजाना सेवन करें, तो उन्हें बहुत लाभ मिल सकता है।

**आंत में बढ़ाए बैक्टीरिया :** आंत में अच्छे बैक्टीरिया का संतुलन सिर्फ पाचन स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए भी जरूरी है। यह मानसिक स्थितियों से बचाव और इम्यूनिटी मजबूत बनाने में भी मदद करते हैं। जिससे कई रोगों का जोखिम कम होता है।

# इन सब्जियों का जूस यूरिक एसिड को मिनटों में करेगा खत्म, गंभीर बीमारियों से भी मिलेगी राहत

अगर आपके शरीर, उंगलियों, जोड़ों, पंजो और पीठ के निचले हिस्से में गंभीर दर्द रहता है। यह लक्षण यूरिक एसिड लेवल के बढ़े होने का संकेत हो सकता है। मांसपेशियों में ऐंठन और जोड़ों में दर्द सिर्फ गठिया के कारण ही नहीं बल्कि यूरिक एसिड के बढ़ने से भी होने लगता है। यूरिक एसिड क्या होता है। बता दें कि जब आपको खानपान खराब हो जाता है, जीवनशैली सुस्त या अधिक तनाव होने पर शरीर में यूरिक एसिड का लेवल बढ़ जाता है।

**यूरिक एसिड के नुकसान :** यूरिक एसिड का लेवल बढ़ने पर यह किडनियों, लिवर और दिल के कामकाज को बाधित करने लगता है। जिसके कारण शरीर और मांसपेशियों में दर्द की समस्या हो सकती है। खून में बहुत अधिक यूरिक एसिड बढ़ने से कई गंभीर बीमारियों जैसे किडनी की पथरी, हाइपरयुरिसीमिया, गठिया और गाउट आदि का भी खतरा हो सकता है। यूरिक एसिड लेवल कम करने में मदद करने वाले कुछ खास जूसों के बारे में बताया है। जिसके सेवन से आप यूरिक एसिड



के लेवल को कंट्रोल कर सकते हैं।

**यूरिक एसिड का लेवल कैसे करें कम :** यूरिक एसिड के लेवल को कम करने के लिए कई दवाएं उपलब्ध हैं। लेकिन आप अपने खानपान के तरीके में बदलाव कर यूरिक एसिड को खत्म कर सकते हैं। इसके लिए आपको प्यूरिन से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचना होगा। प्यूरिन से भरपूर खाद्य पदार्थ में लाल मांस, शराब, मछली, बियर, ब्रोकली और केला आदि चीजें शामिल हैं। इसके अलावा आप इन जूसों के सेवन से यूरिक एसिड लेवल को कम कर सकते हैं।

**खीरे का रस :** खीरे के रस में नींबू मिलाकर सेवन किए जाने से लिवर, किडनी को डिटॉक्स करने में मदद करता है। साथ ही ब्लड फ्लो में यूरिक एसिड का लेवल कम होता है। पोटेशियम और फास्फोरस की मदद से किडनी को डिटॉक्स करता है। साथ ही यह जूस किडनी के कामकाज को सुचारू रूप से चलाने और बॉडी से विषाक्त पदार्त को बाहर निकालता है।

**गाजर का रस :** ताजा गाजर के रस में नींबू का रस मिलाकर सेवन किए जाने से बढ़े हुए यूरिक एसिड को कम किया जा सकता है। गाजर के जूस में विटामिन ए, एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर, बीटा कैरोटीन, मिनरल्स पाया जाता है। जो आपके शरीर में बढ़े हुए यूरिक एसिड से होने वाले नुकसान को कम करता है। वहीं नींबू में टीऑक्सिडेंट, विटामिन सी पाया जाता है। जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है।

**अदरक की चाय :** अदरक की चाय का सेवन किए जाने से भी यूरिक एसिड को कम किया जा सकता है। अदरक में पाए जाने वाले एंटीसेप्टिक, एंटी-इंफ्लेमेटरी और हीलिंग गुणों के कारण यूरिक एसिड कम होता है। इसके साथ ही अदरक में एंटीऑक्सिडेंट और मिनरल्स भी पाया जाता है। जो सूजन, शरीर में दर्द और जोड़ों के दर्द से राहत देता है।

**ग्रीन टी :** ग्रीन टी के सेवन से न सिर्फ आपकी इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत होती है। बल्कि यह यूरिक एसिड को भी कम करने का काम करती है। ग्रीन टी में पाए जाने वाले एंटीऑक्सिडेंट और बायोएक्टिव यौगिक कुछ ही दिनों में स्वाभाविक रूप से यूरिक एसिड को कम करने में मदद कर सकते हैं।

# गर्मियों में वजन कम करने के लिए पिएं यह लस्सी, फैट बर्न में मिलेगी मदद

गर्मियों में लस्सी पीना अधिकतर लोगों को काफी पसंद होता है। ये स्वादिष्ट होने के साथ शरीर में पानी की कमी को भी पूरी करती है। दही से बनी होने के कारण ये पाचन तंत्र को मजबूत करती है। कई लोग लस्सी पीना इसलिए अवॉयड करते है क्योंकि मीठी लस्सी पीने से वजन तेजी से बढ़ता है। आज हम आपको इस आर्टिकल में ऐसी लस्सी के बारे में बताएंगे, जो वजन घटाने के साथ शरीर को स्वस्थ भी रखेगी। गर्मियों में दिन के समय लस्सी को पीया जा सकता है। लस्सी पीने से लू से भी बचाव होता है और शरीर हेल्दी रहता है। लस्सी पेट को लंबे समय तक भरा रखती है।



## मैंगो लस्सी

मैंगो लस्सी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती है। ये पीने में स्वादिष्ट होने के साथ शरीर को ठंडा भी रखती है। मैंगो लस्सी बनाने के लिए 1 कप दही, 2 से 3 पीस आम, 1 गिलास ठंडा पानी और स्वाद के लिए 2 से 3 पुदीने के पत्तों को लेकर मिक्सर में ब्लेंड कर लें। आपकी मैंगो लस्सी तैयार है। ये लस्सी वजन को घटाने के साथ पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाती है।

## गुलाब की लस्सी

गुलाब की लस्सी शरीर के लिए बहुत हेल्दी होती है। गर्मियों में इसे पीने से शरीर की कई बीमारियां ठीक होती है और वजन घटाने में भी मदद मिलती है। ये लस्सी स्वादिष्ट होने के साथ इम्यूनिटी को भी मजबूत करती है। इसको पीने से गैस, अपच और एसिडिटी की समस्या भी आसानी से दूर होती है। इसको बनाने के लिए 1 कप दही और 1 गिलास पानी को लेकर मिक्सर में चला लें। उसके बाद इस पर गुलाब की पंखुडियां रखकर कुछ देर के लिए फ्रिज में रखें। ठंडा होने पर पिएं।

## केले और अखरोट की लस्सी

केले और अखरोट की लस्सी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसको पीने से शरीर की कमजोरी दूर होने के साथ पाचन तंत्र भी मजबूत होता है। इस लस्सी को बनाने के लिए 1 कप दही, 1 गिलास पानी, 1 केला और 2-4 अखरोट और शहद को लेकर मिक्सर में चला लें। आपकी केले और अखरोट की लस्सी तैयार है। इसको पीने से आपका पेट लंबे समय तक भरा रहेगा। जिस कारण वजन कम करने में मदद मिलेगी।

## पुदीना की लस्सी

पुदीना की लस्सी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती है। गर्मी में इसको पीने से शरीर ठंडा रहने के साथ वजन कम करने में मदद मिलती है। इस लस्सी में कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है। इसको बनाने के लिए 1 कप दही, 1 कप पानी, सूखे पुदीना के पत्ते और 1 चम्मच भुना जीरा पाउडर डालकर मिक्सर में चलाएं। ठंडी-ठंडी इस लस्सी को सर्व करें।

# रात को आम खाने से सेहत को मिल सकते हैं कई फायदे

गर्मियां आते ही बाजार में आम मिलना शुरु हो जाते हैं। आम को स्वाद की वजह से फलों का राजा कहा जाता है। भारत में आम कई किस्म के पाए जाते हैं। आम की हर किस्म का स्वाद बेहद अलग और स्वादिष्ट होता है। आम सेहत के लिए फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन ए, बी, सी, कैल्शियम, पोटेशियम और मैग्नीनियम पाया जाता है। इससे आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होती है और आपको मौसम की वजह से होने वाले संक्रमण की संभावना कम हो जाती है। आम को सुबह व शाम के साथ ही रात में खाने के बाद भी खाया जा सकता है।

**अच्छी नींद के लिए आवश्यक :** आम में अमीनो एसिड पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो सेरोटोनिन यानी फील-गुड हार्मोन का लेवल बढ़ाने में सहायक होता है। रात में आम खाने से शरीर में सेरोटोनिन के स्तर को बढ़ातरी होने में मदद मिलती है। जिसकी वजह से आपको रात के समय अच्छी नींद आती है। इसके साथ ही आम में पाये जाने वाले मैग्नीशियम आपकी मांसपेशियों को आराम पहुंचाने का काम करता है।

**कोलेस्ट्रॉल को करें कंट्रोल :** आम में उच्च स्तर के फाइबर पाए जाते हैं, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकते हैं। रात में



आम खाने से हृदय रोग और स्ट्रोक का जोखिम हो सकता है। हार्ट हेल्थ के लिए आप रात के समय सीमित मात्रा में आम का सेवन कर सकते हैं।

**पाचन क्रिया को करे बेहतर :** आम फाइबर अधिक मात्रा में होता है। फाइबर पाचन तंत्र को बेहतर करने के लिए आवश्यकत होता है। रात को आम खाने से पाचन क्रिया बेहतर होती है और आपको कब्ज की समस्या से निजात मिलती है। आम के सेवन से आपका पेट भरा रहता है और आपको रात के समय भूख नहीं लगती है।

**इम्यून सिस्टम को करें मजबूत :** आम विटामिन सी सहित आवश्यक विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है। इसके सेवन से आपका इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। जिसकी वजह से आप बार-बार बीमार नहीं पड़ते हैं।

# उंगलियों में दिखने वाले यह लक्षण हो सकते हैं हाई कोलेस्ट्रॉल के संकेत

अनहेल्दी फूड्स का सेवन और निष्क्रिय जीवनशैली की वजह से हाई कोलेस्ट्रॉल की परेशानी होती है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से आपको कई गंभीर परेशानियों का खतरा रहता है। इसकी वजह से आपकी धमनियों में ब्लॉकेज की समस्या हो सकती है। शरीर में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने के कारण आपको हार्ट अटैक, स्ट्रोक और हार्ट फेलियर की समस्या भी हो सकती है। हाई कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर आपको कई लक्षण दिखाई देते हैं, इन लक्षणों को सही समय पर पहचानकर खानपान और जीवनशैली से जुड़े सुधार करने से आपको फायदा मिलता है।

**उंगलियों में दिखते हैं हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण :** स्मोकिंग, शराब का सेवन, बहुत ज्यादा तली-भुनी चीजों का सेवन और निष्क्रिय जीवनशैली के कारण हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या का खतरा बढ़ जाता है। खून में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण आपको कई गंभीर परेशानियां हो सकती हैं। कोलेस्ट्रॉल को समय रहते कंट्रोल न करने पर मरीज की जान भी जा सकती है। हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या में अर्ली स्टेज पर लक्षणों की पहचान होने से मरीज को ज्यादा नुकसान नहीं होते हैं। हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण शुरुआती स्टेज में सामान्य रहते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह बढ़ता है लक्षण भी गंभीर होने लगते हैं।

**उंगलियों में झुनझुनाहट :** हाई कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर आपकी उंगलियों में झुनझुनाहट की समस्या हो सकती है। इसकी वजह से आपको उंगलियों की नसों में पिन चुभने जैसा महसूस हो सकता है। नसों में ब्लॉकेज के कारण ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है और इसकी वजह से आपको ये परेशानियां होती हैं।

**हाथ पैर की उंगलियों में दर्द :** शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल इकट्ठा होने पर आपके हाथ और पैर की उंगलियों में दर्द की समस्या हो सकती है। दरअसल धमनियों में कोलेस्ट्रॉल जमा होने के कारण आपको इस परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर आपको लगातार उंगलियों में दर्द की समस्या है, तो यह हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण हो सकती है।

**उंगलियों में दबाव पड़ने पर दर्द :** काम करते समय या उंगलियों पर किसी तरह का दबाव पड़ने दर्द होना भी हाई कोलेस्ट्रॉल का लक्षण हो सकता है। इस स्थिति को नजरअंदाज करने से बचना चाहिए।

**उंगलियों में पीलापन :** हाथ की उंगलियों में पीलापन भी हाई कोलेस्ट्रॉल का संकेत माना जाता है।

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण आपको Xanthelasma हो सकता है और इसकी वजह से आपकी स्किन का रंग पीला होने लगता है।



# 23 को निकलेगी शोभायात्रा, मोती डूंगरी गणेशजी को दिया निमंत्रण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा जयपुर महानगर की ओर से भगवान श्रीपरशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 23 अप्रैल को जलेबी चौक से शोभायात्रा निकाली जाएगी। निर्विघ्न आयोजन के लिए प्रथम पूज्य रिद्धि-सिद्धि के दाता भगवान श्री गणेश जी महाराज को मोती डूंगरी गणेश मंदिर में विधिवत निमंत्रण अर्पित किया गया। महामंत्री शिव कुमार भारद्वाज ने बताया कि भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा जलेबी चौक से शाम साढ़े पांच बजे प्रारंभ होगी। शोभायात्रा छोटी चौपड़ तक निकाली जाएगी।

इस शोभायात्रा में दो दर्जन से अधिक झांकी, हाथी, घोड़े, ऊंट, बग्गियां एवं बैण्ड-बाजों के साथ विशाल लवाजमा आकर्षण का केंद्र रहेगा। महासभा के प्रदेश संरक्षक एस.डी. शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष




डॉ. राधेश्याम जैमिनी एवं महानगर अध्यक्ष मोहन प्रकाश शर्मा ने गणेश जी महाराज की पूजा-अर्चना की। महासभा के संरक्षक सत्यनारायण कांकर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष आर.डी. शर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, प्रमुख महामंत्री रोशनलाल शर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष एडवोकेट ज्योति शर्मा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष करण शर्मा, महामंत्री मुख्यालय धर्मेंद्र शर्मा, महामंत्री कार्यालय केदारनाथ शर्मा, कार्यालय मंत्री रवि गोस्वामी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोहनलाल शर्मा, युवा अध्यक्ष करण शर्मा, पंण्प्रदीप गौड़, ममता शर्मा, पूजा पाठक, प्रो. भगवान सहाय शर्मा, चेतन व्यास, के.पी. शर्मा, बंशीधर शर्मा, उपाध्यक्ष जगदीश नारायण शर्मा, हरीश शर्मा, महेश जोशी, पदम कुमार शर्मा, अमिता शर्मा, प्रो. वल्लभ शर्मा, बजरंग लाल शर्मा, रमा व्रजवासी, गायत्री शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, सुभाष चन्द्र शर्मा, एम.पी. शर्मा, लोकेश शर्मा, अशोक पाराशर सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नए आदेशों से शिक्षकों में भारी रोष



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उपशाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उपखंड कार्यालय के आगे इकट्ठे होकर नारेबाजी करते हुए उपखंड अधिकारी से मिलकर मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, जिलाधीश एवं चिकित्सामंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा। मांग पत्र में पंचायत शिक्षकों की बिना अनुमति के जनगणना कार्य ड्यूटी हटाने का पुरजोर विरोध किया तथा पंचायत शिक्षकों को जनगणना कार्य में शामिल करने के साथ ग्रीष्मावकाश पूर्व की तरह 30 जून तक रखा जाना व संस्थाप्रधान द्वारा घोषित अवकाश वर्ष में दो पूर्ववत रखा जाना और विद्यालय समय परिवर्तन एक मार्च से 7:30 से 1:00 बजे तक किया जाए। आरजीएचआई योजना की खामियों को जल्द से जल्द दूर करते हुए पेंशनरों व अन्य शिक्षकों को इसकी सुविधा शुरू करवाने आदि प्रमुख मांगें रखी गई। उपखण्ड अधिकारी द्वारा मांगें संबंधित उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष निलेश कुमार इंदौरिया, मंत्री जगनाराम सोढा, सभाध्यक्ष पंकज पिपलवा, कोषाध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश महर्षि, वरिष्ठ शिक्षक नेता मनोज कुमार सारस्वत, बनवारी लाल जांगिड़, अशोक शर्मा, राम मनोहर, बीरबल थोरी, श्रीभगवान सुथार, दीपचंद शर्मा, राजेश कौशिक, जय प्रकाश नारायण, विशाल शर्मा, महेश शर्मा, शिवचंद्र भूषण, विवेक, ओम प्रकाश पुजारी, सोम प्रकाश जोशी, चेतन सिंह, विपुल राजवंशी, दिनेश चोटिया, सुभाष बाकोलिया, भूराराम शर्मा, मयंक, पुरुषोत्तम, विवेक कौशिक, नरेंद्र मंडार, चंद्र प्रकाश, रवि प्रकाश, पुरुषोत्तम शर्मा आदि शिक्षक संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

# सीवर हादसे की जांच को लेकर छह सदस्यीय समिति गठित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** करधनी क्षेत्र में सीवर सफाई के दौरान जहरीली गैस से दो कार्मिकों की मौत के मामले में नगर निगम प्रशासन ने छह सदस्यीय जांच समिति गठित की है। समिति को एक सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। लगातार हो रहे ऐसे हादसों और सुरक्षा उपायों की कमी ने व्यवस्था की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि झोटवाड़ा जोन के करधनी क्षेत्र में 17 अप्रैल को सीवर लाइन की सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से नाहरगढ़ निवासी अजय और बनीपार्क निवासी राम बाबू की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि दोनों मजदूर बिना सुरक्षा उपकरण के सीवर में उतरे थे। उन्हें बचाने के लिए नीचे उतरे कांस्टेबल बाबूलाल भी गैस की चपेट में आकर अस्वस्थ हो गए। नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त नरेंद्र कुमार बंसल ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच समिति का गठन किया गया है। समिति में अतिरिक्त आयुक्त द्वितीय प्रवीण कुमार, उपायुक्त स्वास्थ्य ओमप्रकाश थानवी, झोटवाड़ा जोन की उपायुक्त मनीषा यादव, अधीक्षण अभियंता सीवर चरण सिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता दिनेश चंद गुप्ता और अधिशाषी अभियंता गोपाल मूंड शामिल हैं। समिति को सात दिन में जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार शहर में मैनहोल को मशीनहोल में बदलने के दावे किए जाते हैं लेकिन जमीनी स्तर पर मशीनों का उपयोग सीमित है और कर्मचारियों को जोखिम उठाकर सीवर में उतरना पड़ता है। पिछले पांच वर्षों में जयपुर में सीवर सफाई के दौरान दम घुटने से सात मजदूरों की मौत हो चुकी है, लेकिन अधिकांश मामलों में ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई। नगर निगम का कुल बजट करीब 2700 करोड़ रुपए है, जिसमें से लगभग 700 करोड़ रुपए सफाई व्यवस्था और 145 करोड़ रुपए सीवरेज पर खर्च किए जाते हैं। इसके बावजूद सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होना चिंता का विषय बना हुआ है। सीवर सफाई को सुरक्षित बनाने के लिए करीब तीन वर्ष पहले 1.17 करोड़ रुपए की लागत से तीन रोबोट भी खरीदे गए थे लेकिन वे अधिकतर समय निष्क्रिय पड़े रहते हैं। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन जांच में जुटे हैं। रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही जा रही है लेकिन बार-बार हो रहे ऐसे हादसे व्यवस्थागत खामियों की ओर इशारा कर रहे हैं।

# ईमानदारी की मिसाल : कांस्टेबल ने लौटाया गहनों से भरा पर्स



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के श्याम नगर थाना पुलिस के एक कांस्टेबल ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की अनूठी मिसाल पेश की है। ड्यूटी के दौरान मिले करीब 30 लाख रुपये की ज्वेलरी और नकदी से भरे पर्स को पुलिस ने सुरक्षित उसकी असली मालकिन तक पहुँचाया।

**चेतक ड्यूटी के दौरान मिला पर्स :** पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि सोमवार को श्याम नगर थाने में तैनात कांस्टेबल मुखराम कटेवा नगर क्षेत्र में चेतक ड्यूटी पर थे। गश्त के दौरान उन्हें लावारिस अवस्था में एक पर्स मिला। कांस्टेबल ने तुरंत इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी और पर्स को थाने के मालखाने में जमा करवाया।

**शादी में जाते समय गिरा था पर्स :** पर्स की मालकिन रीता मिश्रा निवासी कटेवा नगर ने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ बीकानेर में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी। ऑटो में बच्ची को बैठाते समय उनका पर्स सड़क पर गिर गया था। पर्स में 2 सोने की चैन, 2 ब्रेसलेट, 1 सोने का हार, 5 सोने की अंगूठियां सहित 10 हजार 600 रुपये और मोबाइल फोन था।

**सामान का मिलान कर लौटाया:** पर्स में रखे मोबाइल पर जब कॉल आया तो पुलिस ने पीड़िता को थाने बुलाया। तस्दीक के बाद महिला को उनका सामान सुपुर्द कर दिया गया। पर्स लौटाने में कांस्टेबल मुखराम की विशेष भूमिका रही, जिसकी उच्चाधिकारियों ने सराहना की है।

# जैन श्वेताम्बर तेरापंथी समाज ने मनाया अक्षय तृतीया महोत्सव



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी समाज की ओर से आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनि जय कुमार आदि ठाणा 3 के सानिध्य में लोढा भवन में अक्षय तृतीया महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुनि जय कुमार ने अक्षय तृतीया के बारे में बताया कि जिसका क्षय ना हो, वह अक्षय हैं। भगवान ऋषभ ने दुनिया को असि मसि और कृषि का ज्ञान दिया। भगवान ऋषभ ने आज के दिन लगभग 13 महीनों के बाद अपने प्रपौत्र श्रेयांश के हाथ से इक्षु रस लेकर पारणा किया था। मुनि ने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन ही पूरे भारत में संपूर्ण जैन समाज के लोग जो वर्षीतप करते है वो इस दिन पारणा करते हैं। कार्यक्रम में सभा अध्यक्ष मनोज चोरड़िया, मंत्री पवन धाडेवा, महिला मंडल अध्यक्ष अनु डागा, मंत्री ज्योति श्यामसुखा, राजेंद्र बोथरा, हंसराज बच्छावत, कमल लूनिया, पारस कोठारी, अमरचंद लोढ़ा, मनीष बोथरा आदि अनेक श्रावक उपस्थित थे। मंत्री पवन धाडेवा ने बताया कि तारानगर में मुनि जय के प्रवास के दूसरे दिन संपूर्ण जैन समाज के लोगों में एक अलग ही उत्साह नजर आ रहा हैं। मंगलवार सुबह सवा 6 बजे मुनि जय कुमार अपनी आगे की यात्रा के लिए तारानगर स्थित लोढ़ा भवन से विहार करेंगे।

# तम्बोलिया ने किया गरीब-असहाय एवं लावारिस मृतकों की अस्थियों का विसर्जन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर में मानवता की मिसाल पेश करते हुए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी नीरज तम्बोलिया ने गरीब, असहाय एवं लावारिस मृतकों की अस्थियों का विधि-विधान से हरिद्वार में विसर्जन किया। आदर्श नगर लावारिस मोक्षधाम से अस्थि कलश संग्रहित किए गए। इसके बाद हर की पौड़ी स्थित गंगा तट पर पूजा-अर्चना कर अस्थियों का विसर्जन किया गया तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। तम्बोलिया वर्ष 2011 से इस सेवा कार्य से जुड़े हैं और अब तक सैकड़ों लावारिस मृतकों को अंतिम सम्मान दिला चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिन लोगों का कोई अपना नहीं होता, उनके लिए यह प्रयास अंतिम संस्कार की गरिमा बनाए रखने का एक छोटा सा प्रयास है।

# मूक बधिर विवाहिता से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र में मूक बधिर विवाहिता के साथ दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने सोमवार को अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। अपरलोक अभियोजक डॉ जयकांत बिंवाल ने बताया कि 29 मार्च 2021 को विवाहिता खेत में बनी ढाणी से गांव की तरफ आ रही थी कि रास्ते में गोलसर निवासी



विनोद कुमार सांसी ने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। प्रकरण में 29 मार्च 2021 को पीड़िता की मां ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया। प्रकरण होने के बाद अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में 16 गवाह एवं 16 दस्तावेज पेश किए गए तथा बहस पूरी होने के बाद सोमवार को अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुरेंद्र कौशिक ने फैसला सुनाते हुए आरोपी विनोद कुमार को धारा 376 में आजीवन कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थ दंड तथा धारा 324 में आरोपी को तीन वर्ष के साधारण कारावास व एक हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित करने की सजा सुनाई है। प्रकरण में सरकार की ओर से अपरलोक अभियोजक डॉ जयकांत बिंवाल ने पैरवी की।

# बाल विवाह रोकथाम को लेकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व तालुका विधिक सेवा समिति तारानगर के निर्देशानुसार सोमवार को डॉ जाकिर हुसैन शिक्षण संस्थान तारानगर में बाल विवाह के निषेध विषय पर एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी श्वेता भाकर ने विद्यार्थियों में अभिभावकों को कानून से जुड़ी अहम जानकारी दी। आखातीज पर्व



के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अवसर पर पारंपरिक रूप से विवाह अधिक होते हैं ऐसे में बाल विवाह की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष सतर्कता जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल विवाह निषेध कानून के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह करना दंडनीय अपराध है। उन्होंने यह भी बताया कि केवल माता-पिता ही नहीं बल्कि विवाह में शामिल सभी लोग रिश्तेदार या सहयोग की कानूनी रूप से दोषी माने जाते हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणाम, सामाजिक व कानूनी पहलुओ तथा इसमें बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। अंत में विद्यालय प्रशासन ने ऐसे कार्यक्रमों को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए आभार व्यक्त किया।

# महिला आरक्षण पर भाजपा का प्रदर्शन फ्लॉप शो : खाचरियावास

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने महिला आरक्षण को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जयपुर में आयोजित कार्यक्रम पूरी तरह फ्लॉप शो साबित हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेगा और आंगनबाड़ी की महिलाओं को सरकारी दबाव में जुटाया गया और इसे जनसमर्थन का रूप देने का प्रयास किया गया। खाचरियावास ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की मौजूदगी के बावजूद यह आयोजन प्रभावी नहीं रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा महिला आरक्षण के मुद्दे पर केवल दिखावा कर रही है और वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल कांग्रेस के समर्थन से पारित हो चुका है और उसी आधार पर महिलाओं को आरक्षण दिया जा सकता है। उनके अनुसार



केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर भाजपा की सरकार होने के बावजूद इस कानून को लागू नहीं किया जा रहा है। खाचरियावास ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी जैसे मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए भाजपा इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से महिला आरक्षण कानून को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि देश की जनता अब इस तरह के राजनीतिक कार्यक्रमों को समझ चुकी है और महिला आरक्षण जैसे गंभीर विषय पर केवल बयानबाजी से काम नहीं चलेगा।

# बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ डिस्कॉम का एक्शन

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर में बढ़ती गर्मी के बीच बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विद्युत डिस्कॉम एक्शन में नजर आ रहा है। शहरी क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए टीम ने आधा दर्जन स्थानों से अवैध कनेक्शन हटाए हैं। अजमेर डिस्कॉम के सहायक अभियंता सचिन अग्रवाल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की लगातार शिकायतें मिल रही थी। समस्या की गंभीरता को देखते हुए टीम का गठन कर रेलवे ओवरब्रिज के पास, कुम्हारों का बास और सिनेमा हॉल के पीछे के क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कई कच्चे घरों में बिजली के पोल से सीधे तार जोड़कर भूमिगत केबल के माध्यम से अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पाया गया। टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए करीब आधा



दर्जन स्थानों से अवैध कनेक्शन हटाए और उपयोग में ली जा रही केबल जब्त कर ली। सहायक अभियंता ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी और बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

# लाइब्रेरी का संचालन करने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद आयुक्त के नाम एटीपी उदयसिंह को सोहिल गोपालपुरिया ने ज्ञापन सौंपकर गांधी चौक स्थित लाइब्रेरी को चालू करवाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में सोहिल ने बताया है कि सुजानगढ़ के मुख्य गांधी चौक में लाइब्रेरी बंद पड़ी है, जिस ओर प्रशासन का ध्यान नहीं जाता। अत: इस लाइब्रेरी को जल्द से जल्द सूचारू रूप से संचालित करवाया जावे।

# श्रीराम मंदिर में 71वां पाटोत्सव मनाया

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्रीराम मंदिर प्रन्यास सनातन धर्म सभा, आदर्श नगर के तत्वावधान में श्रीराम मंदिर के 71वें स्थापना दिवस पाटोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को अक्षय तृतीया पर विविध धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा और भक्ति भाव से सम्पन्न हुए। इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: पं. बनवारी लाल शर्मा के आचार्यत्व में हवन से हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। इसके बाद हरचरण, रानी, विक्रम और करण लेकर द्वारा बालाजी की प्रतिमा पर विधिवत पीतल के ध्वजदंड का पूजन एवं स्थापना की गई। महामंत्री अनिल खुराना ने बताया कि स्थापित ध्वजा का वजन 125 किलो है, दंड की ऊंचाई 26 फीट है तथा ध्वज 3 फीट चौड़ा और 4 फीट लंबा है। ध्वज पर कोविदार वृक्ष रघुकुल का प्रतीक सूर्य देव सत्य, धर्म और ज्ञान का प्रतीक तथा ओम ब्रह्मांडीय ऊर्जा का प्रतीक के चिन्ह अंकित हैं। कोषाध्यक्ष लक्ष्मण मलिक ने बताया कि भजन-सत्संग में महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत भजनों ने भक्तिमय माहौल बना दिया। भगवान को नवीन पोशाक धारण कराई गई तथा ऋतु पुष्पों से भव्य सजावट की गई। इसके पश्चात प्राकट्य आरती सम्पन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

पं बनवारी लाल शर्मा ने ध्वजा स्थापना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन धर्म में मंदिरों पर ध्वजा स्थापना शुभ मानी जाती है। यह सकारात्मक ऊर्जा और रक्षा ध्वज का प्रतीक है, जो मंदिर और क्षेत्र की रक्षा का संकेत देती है। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक कालीचरण सराफ, भाजपा नेता सरदार अजयपाल सिंह, देवेंद्र सिंह शंटी, चंद्र भाटिया, किशोर मोतियानी, मेहर परनामी, नितिन भाटिया, गुलशन खत्री सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर समिति के राजीव मनचंदा, रवि सचदेवा, हाकिम गेरा, जितेंद्र चड्ढा, रमेश गुलाटी और मीडिया प्रभारी तुलसी संगतानी भी मौजूद रहे।


## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, पलसाना (सीकर)

E-mail :- kums.palsana@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- 30 - 36 दिनांक :- 15/04/2026

**ई-निविदा सूचना सं. 02/2026-27**

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, पलसाना द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु मण्डी समिति में e-NAM परियोजना से सबंधित समस्त कार्य (आवक गेटपास से जावक गेट पास तक) करवाने हेतु पंजीकृत बोलीदाता/संवेदको/फर्मों से वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन ई–बिड निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :–

| कार्य विवरण | निविदा की अनुमानित लागत [लाखो मे] | निविदा शुल्क (DD/Banker Cheque) | RISL शुल्क (DD/ Banker Cheque) | निविदा प्रतिभूति राशि (DD/Banker Cheque) | ई–बिड प्रारम्भ होने की तिथि | ई–बिड अपलोड किये जाने की अंतिम तिथि व समय | तकनीकी ई–बिड खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 09- e-NAM परियोजना से सबंधित समस्त कार्य (आवक गेटपास से जावक गेट पास तक) | 17.00 | Rs. 500 | Rs. 500 | Rs. 34000 | 15.04.26 | 28.04.26 12:00 PM | 29.04.26 12:00 PM |

1. इच्छुक बोलीदाता निविदा से सम्बन्धित शर्ते जानकारी तथा विस्तृत विवरण तकनीकी व वित्तीय बोली प्रपत्र दिनांक 28.04.2026 दोपहर 12:00 बजे तक वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.agriculture.rajasthan.gov.in/mandi पर अवलोकन एवं डाउनलोड कर सकते है।
2. बिड प्रपत्र/निविदा शुल्क के बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक सचिव कृषि उपज मण्डी समिति, पलसाना के नाम संलग्न करना होगा।
3. बोली प्रतिभूति राशि के बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक सचिव कृषि उपज मण्डी समिति, पलसाना के नाम से जमा करवानी होगी।
4. RISL फीस का डीडी/बैंकर्स चैक रूपये 500/- MD, RISL, Jaipur के नाम से देय होगा।
5. MSME/SSI यूनिट को नियमानुसार बोली प्रतिभूति में छूट देय होगी। बिना RISL शुल्क, बोली प्रतिभूति के बिड स्वीकार नही होगी।

NIB Code- DAM2627A0023, UBN Code - DAM2627SLOB00044

राज.संवाद/सी/26/1107 सचिव

# बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाएगा एचपीवी का टीका

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए भारत सरकार ने एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीनेशन अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को एक डोज में ही प्रभावी सुरक्षा मिल पाएगी। अभियान जन स्वास्थ्य के लिहाज से महत्वपूर्ण है। बाजार में एचपीवी वैक्सीन की कीमत करीब 5 हजार रूपए तक है लेकिन इस अभियान के तहत पात्र बालिकों को यह टीका नि:शुल्क लगाया जा रहा है। सीकर जिले में इसके लिए 44 चिकित्सालय चिन्हित किए गए हैं, जिनमें यह टीका बेटियों को लगाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने जिलेवासियों से अपील कि है कि 14-15 साल की बच्चियों को यह एचपीवी वैक्सीन का टीका लगाकर उनका भविष्य सुरक्षित करें। यह वैक्सीन बेहद सुरक्षित है। इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है। जिले में 14-15 साल की बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर शिक्षण संस्थाओं में जाकर बच्चियों, अभिभावकों व शिक्षकों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा चिकित्सा संस्थानों में ओपीडी में आने वाली पात्र बालिकाओं को भी इस वैक्सीन की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि बेटियों को एचपीवी वैक्सीन लगाने के लिए जिले में 44 चिकित्सालय चिन्हित किए गए हैं।

### जिले के 44 सरकारी अस्पतालों में लगाया जा रहा है टीका

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि बेटियों को एचपीवी वैक्सीन लगाने के लिए जिले में 44 चिकित्सालय चिह्नित किए गए हैं। सीकर शहर की पात्र बेटियों को सरकारी जनाना अस्पताल तथा स्वास्थ्य भवन के पास संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नंबर तीन पर वैक्सीन लगाई जा रही है।

इसके अलावा फतेहपुर ब्लॉक में उप जिला अस्पताल फतेहपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामगढ़ सेठान, रोलसाहबसर, बेसवा, कूदन ब्लॉक में उप जिला अस्पताल लोसल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धोद, कूदन, फागलावा, कासली, लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक में जिला अस्पताल लक्ष्मणगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटोदा, जाजोद, पालड़ी, बलारा के सरकारी अस्पताल में बेटियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि नेछवा ब्लॉक के उप जिला अस्पताल नेछवा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गाड़ौदा, सीएचसी मंगलूणा, खण्डेला ब्लॉक के उप जिला अस्पताल रींगस, खण्डेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांवट और जाजोद, पलसाना ब्लॉक में उप जिला अस्पताल खाटूश्यामजी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानोली, पलसाना, जीणामता और पिपराली ब्लॉक के सीएचसी कोलीडा, पिपराली में बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन का टीका लगवाया जा सकता है। इसके अलावा दांता ब्लॉक के सीएचसी दांता, खाचरियावास, बाय में, श्रीमाधोपुर ब्लॉक में सीएचसी थोई, महरोली और श्रीमाधोपुर तथा अजीतगढ़ ब्लॉक के उप जिला अस्पताल अजीतगढ़ और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टोडा में वैक्सीन लगवाई जा सकती है। नीमकाथाना ब्लॉक के जिला अस्पताल नीमकाथाना, सीएचसी चला, गणेश्वर, गुहाला और सिरोही तथा पाटन ब्लॉक के सीएचसी पाटन व जीलो में एचपीवी वैक्सीन का टीका लगाया जा रहा है। टीका लगवाने के लिए बालिका को आधार कार्ड साथ लेकर जाना है। अभियान के तहत बालिकाओं को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए चिकित्सा अधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा शिक्षण संस्थाओं व पात्र बालिकाओं व उनके अभिभावकों को वैक्सीन की जानकारी देकर प्रेरित किया जा रहा है।

# करोड़ो की नकदी एवं सोने चांदी के आभूषण हड़पने का आरोप

## संत हरजीतसिंह ने करवाया मामला दर्ज

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** सनातन धर्म और संत समाज को शर्मसार करने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है। जिसमें रतनगढ़ क्षेत्र की साध्वी द्वारा 45 वर्षीय राष्ट्रीय संत को प्रेमजाल में फंसाकर करीब एक करोड़ रुपए नकदी व सोने-चांदी के आभूषण व गाड़ियां तांत्रिक विद्या द्वारा सम्मोहन करके हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित संत द्वारा दिए गए नकदी एवं अन्य समान को वापस मांगने पर संत के साथ मारपीट करने का आरोप पीड़ित द्वारा लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज हुआ है। स्थानीय पुलिस ने चंडीगढ़ निवासी 45 वर्षीय बाबा हरजीतसिंह की रिपोर्ट पर एक साध्वी सहित तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार बाबा हरजीत द्वारा दी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि करीब सवा दो साल पहले उसकी तहसील के ग्राम नुवां निवासी साध्वी हेमलता से जान पहचान हुई थी। साध्वी ने बाबा से कहा कि हमारा पिछले छह जन्मों का रिश्ता है। बाबा उसकी बातों में आ गए तथा उसे नकदी रुपए, आभूषण व गाड़ियां दे दी। अलग-अलग किश्तों में बाबा ने साध्वी को करीब एक करोड़ रुपए, चार गाड़ियां, एक बाइक व सोने-चांदी के आभूषण दे दिए। जब दिया गया सामान व रुपए मांगता, तो आश्वासन दे देती और कहती जब दादुद्वारा की दुकानें बिक जाएगी, तब रुपए दे देगी। वर्ष 2025 में उसने ये सब वापस देने से मना कर दिया और परेशान करने पर आत्महत्या कर झूठे मुकदमे में फंसा देने की धमकी दी। करीब आठ माह पहले साध्वी ने बाबा से कहा कि उसकी पत्नी के अवैध संबंध है। जब उससे नाम पूछा, तो उसने नहीं बताया, जिस पर इन दोनों का झगड़ा हो गया। करीब एक सप्ताह पहले साध्वी ने अपने परिचित जीतू के साथ एक गाड़ी भेजी और एक दिन पहले एक और गाड़ी भेजने के लिए जीतू ने बाबा से संपर्क किया, तो बाबा ने कहा कि वे स्वयं ही रतनगढ़ आ रहे हैं। जब बाबा आश्रम में पहुंचे और संत देवदास को अपनी बात सुनाई। इस दौरान साध्वी हेमलता आवेश में आ गई तथा उल्टा-सीधा बोलते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगी और अपने लोगों को आवाज लगाई, जिस पर 20-25 लोग आ गए तथा मारपीट शुरू कर दी व गाड़ी के शीशे भी फोड़ दिए। बाबा की आवाज सुनकर उनके बॉडीगार्ड वहां पहुंचे तथा बीच-बचाव किया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही दादूद्वार के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची व घटना की जानकारी लेते हुए भीड़ को हटाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई हेमराज कर रहे हैं।

# आरएएस में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** राष्ट्रीय जाट महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक ने हाल ही में आरएएस परीक्षा परिणाम में जीली गांव के रामरतन बटेसर और सुजानगढ़ की अरूणा जानू का उनके घर जाकर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक ने दोनों प्रतिभाओं का साफा और दुप्पटा पहना कर अभिनंदन किया। कीलक ने अभिनंदन के पश्चात दोनों चयनित समाज की प्रतिभाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता कठोर श्रम साधना का प्रतिफल हैं। साहित्यकार डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा, बुधाराम गुलेरिया, चुन्नीलाल गोदारा, हरिसिंह जानूं, चंद्रप्रकाश जानूं, गणेशाराम बटेसर, खींवाराम बटेसर, गिरधारी राम बटेसर, प्रेमाराम बटेसर, सरपंच हरदेवाराम बांगड़ा, पंचायत समिति सदस्य प्रेम सिंह भाटी, पीसीसी सचिव पप्पू राम इशरवा, हीर सिंह बिदावत, श्रीकिशन बटेसर, रामनिवास बटेसर, रामस्वरूप बटेसर, बजरंग बटेसर, शिवराज, जगदीश बटेसर आदि उपस्थित रहे। जीली के रामरतन का आरएएस में 87 वीं रेंक और सुजानगढ़ की अरूणा जानू की 334 वीं रेंक पर चयन हुआ हैं।

# 22 से 24 अप्रैल तक कैंपस प्लेसमेंट शिविर होगा आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सहायक निदेशक जिला रोजगार कार्यालय सीकर राकेश खर्रा ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय सीकर एवं जीडी एक्स ग्रुप, नोएडा के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं गनमैन के पदों पर सीधी भर्ती के लिए कैंपस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन 22 से 24 अप्रैल तक रोजगार कार्यालय सीकर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लक्ष्मणगढ़, नेछवा, फतेहपुर एवं रामगढ़ शेखावाटी क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए 22 अप्रैल को, दांतारामगढ़, श्रीमाधोपुर, पलसाना एवं अजीतगढ़ क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए 23 अप्रैल को तथा नीमकाथाना, पाटन, धोद, खंडेला एवं सीकर क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए 24 अप्रैल को सुबह साढ़े 100 बजे से सायं 4 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा। जीडी एक्स ग्रुप के भर्ती अधिकारी रामकिशन सिंह भर्ती स्थल पर उपस्थित रहकर सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं गनमैन पदों के लिए सीधी भर्ती करेंगे। अभ्यर्थियों का पंजीकरण भर्ती स्थल पर ही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी की आयु 22 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। शारीरिक मापदंडों के अनुसार लंबाई 168 सेमी, वजन 52 से 80 किलोग्राम के मध्य तथा अभ्यर्थी का शारीरिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। चयनित अभ्यर्थियों को रीको भिवाड़ी एवं नीमराणा के औद्योगिक क्षेत्रों में 58 वर्ष की आयु तक स्थायी रोजगार प्रदान किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9667989993 पर संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर अधिक से अधिक संख्या में इस भर्ती अवसर का लाभ उठा सकते है।

# दुर्लभ महासंयोग में मनी अक्षय तृतीया

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में सोमवार को अक्षय तृतीया का पर्व सर्वार्थ सिद्धि योग एवं रोहिणी नक्षत्र के दुर्लभ महासंयोग में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। उदियात तिथि के अनुसार श्रद्धालुओं ने प्रात: गंगाजल मिश्रित जल से स्नान कर भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी एवं गौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और अक्षय पुण्य की कामना की। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन किए गए जप, तप, दान-पुण्य और शुभ कार्यों का फल कभी क्षय नहीं होता। इसी विश्वास के साथ श्रद्धालुओं ने कमल पुष्प, श्वेत पुष्प, कमलगट्टा, इत्र और खीर का भोग अर्पित करते हुए श्रीसूक्त एवं कनकधारा स्तोत्र का पाठ किया। शहर के मंदिरों में दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम चलता रहा। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर बाजारों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। सोना-चांदी के आभूषण, कांसा-पीतल के बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान और अचल संपत्ति की खरीदारी को लेकर लोगों में उत्साह रहा। ज्वेलरी दुकानों पर सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। पंडित बनवारी लाल शर्मा के अनुसार सर्वार्थ सिद्धि योग, अभिजीत मुहूर्त और चर-लाभ-अमृत मुहूर्त के संयोग ने इस दिन को नए कार्यों की शुरुआत और खरीदारी के लिए अत्यंत शुभ बना दिया। दान-पुण्य में भी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं ने अन्न, वस्त्र, चना, ऋतुफल, मटका और भोजन सामग्री का वितरण किया, वहीं बेसहारा पशुओं के लिए चारा-पानी की व्यवस्था भी की गई। अक्षय तृतीया पर स्वर्ण की विशेष महत्ता मानी जाती है। मान्यता है कि इस दिन सोना खरीदने से घर में लक्ष्मी का स्थायी वास होता है और समृद्धि में वृद्धि होती है। ज्योतिष में विश्वास रखने वाले लोगों ने अपनी राशि के अनुसार भी खरीदारी की। मेष राशि के जातकों ने मूंगा व धातु आभूषण, वृष ने चांदी, मिथुन ने अचल संपत्ति, कर्क ने मोती व धार्मिक वस्तुएं, सिंह ने स्वर्ण व तांबा, कन्या ने चांदी के सिक्के, तुला ने वाहन व इलेक्ट्रॉनिक सामान, वृश्चिक ने जल से जुड़ी वस्तुएं, धनु ने पीतल व धार्मिक ग्रंथ, मकर ने तांबा-पीतल, कुंभ ने चांदी व नीलम तथा मीन राशि के जातकों ने पीले वस्त्र व पात्रों की खरीदारी कर सुख-समृद्धि की कामना की।

# सीएसआर के तहत केसीसी ने लगाए ऑपन जिम

## जिम लगने से बच्चों की मोबाइल से बढ़ रही है दूरी : गुप्ता



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स इकाई द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर ओपन जिम स्थापित किए गए हैं। इस पहल से आमजन को खुले वातावरण में व्यायाम की सुविधा मिलने लगी है, वहीं बच्चों की मोबाइल से दूरी भी बढ़ रही है। केसीसी प्रशासन ने खेतड़ी क्षेत्र के न्यू मार्केट पार्क, अंबेडकर पार्क, हाथी पार्क, कोलिहान पार्क तथा खेतड़ी पोलो ग्राउंड में आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ओपन जिम लगाए हैं। इन जिमों का उपयोग युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे आसानी से कर रहे हैं। केसीसी के कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता ने बताया कि ओपन जिम लगने से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है। बच्चे अब मोबाइल छोड़कर पार्कों में समय बिता रहे हैं और परिवार के साथ आकर व्यायाम व मनोरंजन कर रहे हैं। इससे सामाजिक मेलजोल भी बढ़ा है।

### स्वस्थ समाज की दिशा में पहल

ओपन जिम लगने से स्थानीय नागरिकों को नि:शुल्क व्यायाम की सुविधा मिली है। नियमित व्यायाम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार देखा जा रहा है। युवाओं और महिलाओं में फिटनेस के प्रति विशेष रुचि बढ़ी है।

### आमजन ने जताया आभार

स्थानीय लोगों ने एचसीएल एवं केसीसी प्रबंधन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है और समाज को नई दिशा मिली है।

### क्या कहते हैं आमजन

ओपन जिम की सुविधा से हमारी दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव आया है। अब स्वस्थ रहने के लिए अतिरिक्त संसाधनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। निरंजन कौशिक, परिजन खेतड़ी और आसपास लगाए गए ओपन जिम स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के साथ स्वस्थ, सक्रिय और जागरूक समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। डॉ महेंद्र सैनी केसीसी प्रबंधन द्वारा सीएसआर के तहत ओपन जिम स्थापित करना सराहनीय कदम है। इससे बच्चे मोबाइल की लत से दूर होकर खेलकूद और व्यायाम की ओर बढ़ेंगे। परिवार भी बच्चों के साथ पार्कों में समय बिताएंगे, जिससे आपसी जुड़ाव मजबूत होगा। राकेश कुमार, थानाधिकारी

# महिला की बेरहमी से हत्या कर शव को सुनसान स्थान पर फेंका

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चौमूं थाना इलाके के आनंदलोक क्षेत्र में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब सड़क किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिला। सूचना मिलते ही क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई और मौके पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि महिला की हत्या कर शव को सुनसान स्थान पर फेंका गया है। शव चौमूं के भट्टों की गली से रेलवे अंडरपास जाने वाले मार्ग के पास मिला, जो कम आवाजाही वाला क्षेत्र है। थानाधिकारी हरबेन्द्र सिंह ने बताया कि मृतका की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष के बीच प्रतीत होती है। महिला के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं, जिससे जानलेवा हमला किए जाने की आशंका है। वहीं महिला के मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ मिला, जिससे घटना के सुनियोजित होने की संभावना जताई जा रही है। घटनास्थल से एक बटन वाला मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है, जिसे पुलिस जांच की अहम कड़ी मान रही है। मोबाइल के कॉल रिकॉर्ड के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए विधि-विज्ञान प्रयोगशाला की टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पुलिस आसपास के क्षेत्र में पूछताछ करने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है ताकि घटना के संबंध में सुराग मिल सके। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो सकी है, जो पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले का जल्द खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# अक्षय तृतीया पर भक्ति सेवा का हुआ अनूठा संगम



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आस्था के विशाल पावन स्थल श्री अमरापुर स्थान में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सत्संग, भक्ति, सेवा के अनूठे संगम में हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। 2 दिवसीय प्रवास पर पधारे पूज्य गुरुदेव सतगुरु स्वामी भगत प्रकाश महाराज की अमोलक वाणी से भक्ति का रसपान हुआ। उन्होंने प्रवचन में कहा मेरा सदगुरु टेऊँराम जगत में जीव उबरन आया था, वो तो भव सिंध तारण आया था, आगे सदगुरु स्वामी टेऊँराम महाराज द्वारा रचित वाणी का गायन किया गया। साथ ही साथ निरंतर चलने वाले अन्न प्रसादम श्री अमरापुर जल मंदिर पर गन्ने का रस, छाछ, शर्बत का दिनभर वितरण किया गया। भीष्ण गर्मी एवं स्वयं सिद्ध मूर्हत अक्षय तृतीय के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में राहगीरों प्रेमी श्रद्धालुओं ने शीतल पेय द्वारा आत्मा को तृप्त किया। प्रात: काल 9 बजे से प्रारंभ हुई सेवा कार्य शाम 6 बजे तक अविराम चलती रही। संतों ने बताया कि शास्त्रों में अक्षय तृतीय का विशेष महत्व है इस दिन किए गए दान का फल अक्षय होता है। जिसका कभी क्षय ना हो, इसका बहुत फल मिलता है! इसलिए भगवान का नाम जप, दान पुण्य अधिक से अधिक करना चाहिए ! स्वामी मोहन लाल महाराज ने सदगुरु स्वामी टेऊँराम महाराज द्वारा रचित आध्यात्मिक वाणी का संगीतमय गान किया। श्री अमरापुर स्थान पर बुधवार को सदगुरु टेऊँराम चौथ महोत्सव मासिक जन्मोत्सव भक्ति भाव से मनाया जाएगा, जिसमें संतो द्वारा शाम 4 से 6 बजे तक, सदगुरु टेऊँराम महाराज द्वारा रचित संगीतमय ब्रह्म दर्शनी का पाठ किया जाएगा और सुबह शाम भजन, प्रार्थना, संकीर्तन सत्संग, आरती, सतनाम साक्षी मंत्र जाप के साथ श्री मंदिर समाधि स्थल पर विशेष पुष्पों का शृंगार किया जाएगा।

# अतिक्रमण हटाने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय वार्ड नं 13 के निवासी सद्दाम तैली ने नगरपरिषद आयुक्त के एक ज्ञापन सौंपकर बताया है कि मेरा निवास बंगाली बाबा के तकिये के पास है। मेरे घर के दक्षिणी तरफ आम गली है, जो पिछले काफी सालों से है। वर्तमान में इसी गली में रहने वाले राशिद मलवाण व जावेद भाटी ने नगरपरिषद की परमिशन के बिना ही मकानों का निर्माण करवा लिया है और आम गली पर लोहे का गेट लगाकर अतिक्रमण कर लिया है। ज्ञापन में बताया गया है कि उक्त लोग रास्ते की भूमि को अपनी भूमि में मिलाना चाहते हैं, अत: मामले में नियमानुसार कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाया जावे।

# दुकानदारों ने प्रशासन से लगाई न्याय दिलाने की गुहार

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री देव सागर सिंघी मंदिर ट्रस्ट की भूमि पर स्थित भैरव प्लाजा के दुकानदारों ने एडीएम, एसडीएम और नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन देकर श्री देवसागर सिंघी जैन मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टियों और बिल्डर के द्वारा दुकानदारों के साथ ठगी किए जाने की शिकायत करते हुए समस्याओं का समाधान करने की मांग रखी है। अधिकारियों को दिए ज्ञापन में दुकानदारों ने बताया कि ट्रस्ट के द्वारा प्लाजा में दुकान खरीदने वाले दुकानदारों से अमानत राशि के रूप में 7 लाख रुपए और बाद में 75 लाख रुपए अतिरिक्त चार्ज वसूल किया था। जिसकी आज तक कोई रसीद नहीं दी गई। अंडर ग्राउंड में अस्थाई रूप से लगाए गए ट्रांसफार्मर को ऊपर साइड में करवाने का भी वादा किया था, जो पूरा नहीं किया गया। दुकानदारों ने लिखा ट्रस्ट ने आश्वासन दिया था कि मार्केट का काम पूरा होने के बाद नगर परिषद से एनओसी मिलने पर किराया लिया जाएगा। लेकिन अब दुकानदारों से किराया मांग कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। दुकानदारों ने बताया उन्हें पता चला है कि कई दुकानों को दो-दो बार बेचा जा चुका है और इस संबंध में कई मुकदमे भी दर्ज हुए हैं। दुकानदारों ने लिखा कि यह प्लाजा बनाने की व्यावसायिक परमिशन भी ट्रस्ट के पास नहीं है। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि ट्रस्टियों ने नगर परिषद में गेस्ट हाउस बनाने की परमिशन लेकर व्यावसायिक मार्केट बना लिया। जो कि हमारे साथ धोखाधड़ी की है। दुकानदारों ने अमानत राशि की रसीद दिलाने, बारिश के समय इकट्ठा होने वाले पानी की उचित व्यवस्था करवाने, मार्केट के सामने बनी दुकानों को हटाने, पार्किंग सुविधा विकसित करने, सुलभ शौचालय की व्यवस्था करने, अधूरा निर्माण कार्य पूरा करने और देवस्थान विभाग व नगर परिषद से मिली अनुमति की कॉपी दुकानदारों को उपलब्ध करवाने की मांग रखी। ज्ञापन देने वालों में एडवोकेट विमल गोदारा, कन्हैयालाल, भगवानाराम, पुखराज, चंद्रप्रकाश, चेनाराम, नेमीचंद, लियाकत भाटी, मदनलाल, रामलाल शर्मा, सीताराम, श्यामलाल सहित बड़ी संख्या में दुकानदार मौजूद रहे।

# राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज भारणी आएंगे

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े 21 अप्रैल श्रीमाधोपुर क्षेत्र के भारणी गांव आएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि राज्यपाल बागड़े अपराह्न 3:45 बजे किशनगढ़, अजमेर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर सायं 4:20 बजे भारणी हेलीपैड, श्रीमाधोपुर पहुंचेंगे। हेलीपैड से वे 4:25 बजे सड़क मार्ग द्वारा नगरीय विकास और स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के निवास, ग्राम भारणी के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 4:30 बजे वहां पहुंचकर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की पुत्री अर्चना एवं विराट नगर विधायक कुलदीप धनकड़ के पुत्र अनुज के विवाह समारोह में भाग लेंगे। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े सायं 5 बजे हेलीपैड के लिए प्रस्थान करेंगे तथा सायं 5:05 बजे भारणी हेलीपैड पहुंचेंगे।

# खाटू में सड़क किनारे मिले विमंदित निराश्रित को रतनगढ़ में मिला अपना घर

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** खाटू में सड़क किनारे फुटपाथ पर लावारिस अवस्था में पड़े राहगीरों की दया से भूख, प्यास और दर्द मिटाने का जैसे तैसे प्रयास करते विमंदित, बीमार व्यक्ति का अपना घर आश्रम रतनगढ़ में पहुंचना इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण है कि जब श्रीठाकुरजी महाराज की कृपा होती है तो समस्त संसाधन स्वत: ही सुलभ हो जाते हैं ।

हुआ यूं कि खाटू दर्शनार्थ आए अपना घर आश्रम बुधपुर दिल्ली के सेवा साथी अनिल अग्रवाल को जब दयनीय हालत में यह व्यक्ति नजर आया तो उन्होंने रतनगढ़ आश्रम में दूरभाष पर सूचना दी, जिस पर आश्रम अध्यक्ष डॉ वी पी गोयल ने तुरंत टीम को रवाना किया ।

टीम के अंकित जांगिड़, हेमंत प्रजापत और सुरेश शर्मा ने खाटू पहुंचकर बताई गई लोकेशन पर खोजबीन की तो उन्हें एक बंद दुकान के आगे कचरे में पड़ा यह व्यक्ति लगभग नग्नावस्था में मिला। बात करने पर कुछ भी स्पष्ट रूप से कुछ भी बता नहीं पा रहा था, लगभग 40 वर्ष उम्र के इस व्यक्ति ने अपना नाम दिनेश बताया और केवल आश्रम टीम के सदस्यों के चेहरों को ही ताकता रहा। टीम ने उसे वहां से रेस्क्यू कर खाटूश्यामजी पुलिस थाने में सूचना दी और उसे अपना घर आश्रम में लेकर आए।

आश्रम में केयर टेकर सेवा साथियों द्वारा उस व्यक्ति की दाढ़ी कटिंग के बाद स्वच्छ जल से नहला कर अपना घर आश्रम की परंपरानुसार अभिषेक किया और आश्रम का गणवेश पहनाकर प्रभुजी के रूप में सेवा प्रारंभ की। नए प्रभुजी को मिलाकर अब आश्रम में निवासरत प्रभुजनों की संख्या 33 हो गई है। निराश्रित, विमंदित, अस्वस्थ व्यक्तियों की सेवार्थ संचालित इस आश्रम के संचालन में सेवाभावी लोगों का जुड़ाव बढ़ता जा रहा है। आस पास के गांवों के लोग और स्थानीय नागरिक जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ, पुण्यतिथि जैसे अवसरों को प्रभुजनों के साथ मनाकर आत्मिक आनंद और संतुष्टि का अनुभव करते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190